CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 22°C
तापमान

सेंसेक्स 79,801.43
निफ्टी 24,246.70

सोना 98,900
चांदी 1,00,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 23 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान से इजरायल जैसा बदला ले भारत: माइकिल रुबिन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### भारत पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का आ गया है समय



मधुबनी, वार्ता

■ कहा : आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए गुरुवार को कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

## सर्वदलीय बैठक में मोदी के साथ एकसुर हुआ पूरा विपक्ष

■ सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने चूक स्वीकार की
■ राहुल बोले- विपक्ष का केंद्र सरकार के हर एक्शन को समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने यह बात मानी है। गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। गुरुवार की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना कि चूक हुई। उन्होंने कहा कि अगर कुछ नहीं हुआ होता, तो हम यहां क्यों बैठे होते। बैठक में सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इंटेलिजेंस फेलियर और वहां पर प्रॉपर -शेष पृष्ठ दो पर



### पर्यटकों के हत्यारे आतंकियों पर 20 लाख का इनाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के निवासी आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने इन फरार आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें हमले पर चर्चा की गई।

### यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम आज

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार (आज) को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-यूपीएमएसपी-ईडीयू-इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-रिजल्ट्स-डिजीलॉकर-जीओवी-इन पर देखा जा सकता है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-केवल तीन तलाक पर रोक

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

### उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6 व 7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा।

## शिमला समझौता स्थगित करने की पाकिस्तान ने दी धमकी

इस्लामाबाद, वार्ता

■ कहा: अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर जंग की तरह माना जाएगा

**पहलगाम हमले** के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। मीटिंग में पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उधर भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ पर्सोना नॉन ग्राटा का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। पर्सोना नॉन ग्राटा का मतलब अवांछनीय व्यक्ति है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमेटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। आईएनएस आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डाक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया।

## अटारी बॉर्डर पर पाक के साथ सभी रस्म खत्म

■ न खोले जाएंगे गेट और न होगी कोई सेरेमनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव का माहौल बन गया है। भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने भी कई फैसले लिए। इसके बाद भारत ने अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान के साथ सभी रस्म को खत्म करने का ऐलान किया।

अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट परेड के दौरान भारत की तरफ के गेट नहीं खोले जाएंगे और ना ही पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की सेरेमनी होगी। एक और शांति और दूसरी तरफ उकसाने के लिए इस तरह की आतंकी हरकतें एक साथ नहीं चल सकती। अटारी बॉर्डर, हुसैनीवाला बॉर्डर और सदकी बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म के दौरान ना तो गेट खोले जाएंगे और ना ही झंडा उतारने के बाद पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की रस्म होगी।

### गलती से सीमा पार करने वाला BSF का जवान पाक हिरासत में

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को गलती से सीमा पार चला गया, जहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार इस जवान को वापस लाने के लिए पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ फ्लैग मीटिंग हुई। दोनों देशों की सीमाओं पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं जब जवान गलती से दूसरे देश की सीमा में प्रवेश कर गए थे।

## पाक का कॉपी-पेस्ट एक्शन

इस्लामाबाद, वार्ता

■ पाक ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम की, 30 तक भारतीय राजनयिकों को लौटना होगा

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत के एक्शन पर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला किया है। एनएससी की बैठक के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान पर एकतरफा कार्रवाई की है।

भारत की यह कार्रवाई गैरकानूनी है। भारत ने हमारे खिलाफ जो एक्शन लिया है, हमने उसका एक-एक कर जवाब दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम कर दी है। 30 अप्रैल तक भारतीय राजनयिकों को यहां से लौटना होगा। भारत के लिए एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, हम भी बाघा बॉर्डर बंद कर रहे हैं। पाक ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि हम भी समझौतों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पांच नक्सली ढेर

■ 100 से अधिक सुरंगों को किया निष्क्रिय

**बीजापुर/बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है।

अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर इकाइयों सहित कई बलों के लगभग 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## कश्मीरी छात्रों के लिए दून पुलिस पूरी तरह सतर्क


मयूर गुप्ता

■ एसएसपी ने दिए विशेष निर्देश
■ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना के बाद देहरादून में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत एवं अध्ययनरत कश्मीरी छात्रों के सतत संपर्क में रहें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वर्तमान में देहरादून जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जनपद पुलिस द्वारा इन सभी छात्रों का विवरण प्राप्त कर उनका सत्यापन पहले ही किया जा चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बिधौली चौकी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित पक्षों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी चिंता की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही छात्रों को भरोसे में लेकर उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ऐसे सभी स्थान जहां कश्मीरी छात्र-छात्राएं निवासरत हैं, वहां अतिरिक्त पीएसी बल की तैनाती की गई है, जो निरंतर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट्स पर जनपद की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 25 आपत्तिजनक पोस्ट्स को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया गया है। साथ ही, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ भाषण के एक मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ 'हेट स्पीच' और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस हर स्थिति में सतर्क व तैयार है।





# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के स्कैच जारी किए

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में कथित रूप से शामिल दो पाकिस्तानी नागरिकों सहित तीन आतंकवादियों के स्केच जारी कर दिए हैं और 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए है और जारी जांच के तहत 1,500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में 22 अप्रैल को सबसे बर्बर आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी तथा एक नेपाली युवक को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस बीच पुलिस ने आज यहां तीन हमलावरों के स्केच जारी किए और उनकी पहचान अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानियों अली बही उर्फ तल्हा बही तथा हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में की। पुलिस ने हमले के बारे में जानकारी या सुराग साझा करने वाले को 20-20 लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकवादी बैसरन पहलगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले में शामिल हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन वाले 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक आतंकी संगठन (टीआरएफ) ने पर्यटकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच पहलगाम हमले की जांच के दौरान घाटी के कई जिलों से करीब 1,500 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में संदिग्ध तौर पर आतंकियों की मदद करने वाले और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े पूर्व रिकॉर्ड वाले लोग शामिल हैं। इस मामले की जांच अभी राज्य पुलिस कर रही है और उसने इस बाबत पहलगाम पुलिस थाने में मामला दर्ज भी कर लिया है। हालांकि आने वाले दिनों में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने की संभावना है।



■ 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया

## जम्मू-कश्मीर से बाहर रहने वाले कश्मीरियों को सुरक्षा मिले, उमर व महबूबा ने उठाई मांग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए सबसे घातक आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के अधिकारियों के संपर्क में है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे देश भर में धमकियों और उत्पीड़न का सामना कर रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की जान जाने के बाद कई राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी और दुर्व्यवहार का सामना करने की खबरें सामने आई हैं। देहरादून में हिंदू रक्षा दल ने कथित तौर पर एक अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें कश्मीरियों को दस दिनों के भीतर शहर छोड़ने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उनकी सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की सरकारों के संपर्क में है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये रिपोर्ट आ रही हैं। मैं इन राज्यों के अपने समकक्ष मुख्यमंत्रियों के भी संपर्क में हूं और उनसे अतिरिक्त सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

# पाक से इजरायल जैसा बदला ले भारत

वाशिंगटन, वार्ता

■ पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल बोले- अब कोई रास्ता नहीं, पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसार्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाक और पाक की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजरायल ने हमास के साथ किया था। अब समय आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दिया जाए और उन्हें एक नामित आतंकी समूह के रूप में माना जाए और मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन चलेगी लू, फिर पड़ सकती हैं बौछारें

**लखनऊ।** भीषण गर्मी की चपेट में आए उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में अगले तीन दिनो तक 'लू' चलने के आसार है, जबकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और 29 अप्रैल से समूचे राज्य में तेज आंधी और बौछार पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घटों में राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में उष्ण लहर (लू) लोगों को परेशान करेगी। हालांकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी से तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। मौसम में फौरी परिवर्तन का दौर 30 अप्रैल तक जारी रहने का अनुमान है और 29 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को भी बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि अगले आदेश तक स्कूलों में छात्रों के लिए बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगाई जाए।

### तुर्की में आ सकता है 7.2 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की में हाल ही में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप को 7-7.2 की तीव्रता वाले भूकंप के पूर्व संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिसकी वर्ष 2045-2075 के बीच आने की आशंका है। तुर्की के भूकंप विज्ञानी अहमत एरकन ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इस्तांबुल में हाल ही में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप 2045-2075 में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप का पूर्व संकेत था। उन्होंने कहा, बुधवार को आया भूकंप पूर्वी थ्रेस क्षेत्र में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के भूकंप की चेतावनी थी या उससे पहले एक तरह का वार्म-अप था। नए भूकंप का केंद्र जमीन से सात से 13 किलोमीटर हो सकता है, लेकिन लेकिन झटके 22 गुना अधिक शक्तिशाली होंगे। मेरे शोध के अनुसार, इस शक्तिशाली भूकंप के 2045 और 2075 के बीच आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस्तांबुल के वे निवासी जिनके घर 1999 के बाद बने हैं, जब सख्त निर्माण नियम लागू किए गए थे, और जो ठोस जमीन पर स्थित हैं, उन्हें बहुत चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# यूपी में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों का मानदेय बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटी, रोक हटी, परिवहन निगम में होगी 1164 भर्ती

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट बाई सर्कुलेशन द्वारा कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इन फैसलों में कानपुर बनारस, बाराबंकी की कई सड़कों के लिए बजट मंजूर किया गया। अयोध्या एयरपोर्ट की भूमि पर स्टांप शुल्क पर सरकार ने छूट दी है। हाईकोर्ट के सेवारत और सेवानिवृत्त जजों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर तैनात 1020 से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई है। कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन इनका मानदेय बढ़ाने और दो सत्र का कार्यकाल बढ़ाने को सहमति दे दी है। इसके तहत पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 12 से बढ़ाकर 20 हजार और उत्तर मध्यमा (इंटर) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 15 से बढ़ाकर 20 हजार करने पर कैबिनेट ने सहमति दे दी है। वहीं एडेड व राजकीय संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और छात्रों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, नियमित नियुक्ति न होने के कारण 2021 व 2023 में रखे गए व वर्तमान में काम कर रहे मानदेय शिक्षकों का कार्यकाल शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 के लिए बढ़ाने पर भी सहमति दी गई है। इस निर्णय से राजकीय संस्कृत विद्यालयों में पढ़ाई करा रहे मानदेय शिक्षक भी लाभांवित होंगे। उनका भी कार्यकाल दो सत्र के लिए बढ़ जाएगा। परिवहन निगम में 1164 मृतक आश्रितों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। निगम के इस प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने 11 जुलाई 2003 को उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी। इसके विरोध में कई बार कर्मचारी संगठनों ने निगम मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन भी किया। ऐसे में परिवहन निगम ने सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रित के सेवायोजन पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करने और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियुक्ति की अनुमति मांगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद निगम में 1164 मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल सकेगी। निगम की ओर से तय किए गए इन मृतक आश्रितों में अलग-अलग कैडर के आश्रित हैं।

## आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिलेगी कृत्य की सजा: योगी

# साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा

कानपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हे इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी।

पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धाजंलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी। योगी ने बाद में एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिए है।

आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है। योगी ने शुभम के पिता, पत्नी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी शुभम की पहलगाम में उनकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गयी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार देर रात यहां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ एमएसएमई मंत्री राकेश सचान साथ आए।



■ शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया

## कश्मीर में पर्यटन से मिलती है अल जेहाद को मजबूती: राजा भैया

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि कश्मीर में पर्यटन आतंकवाद को आर्थिक मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक भावुक और कठोर संदेश साझा करते हुए कश्मीर में पर्यटन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजा भइया ने लिखा कि हिंदू पहले ही कश्मीर में मारे जा चुके हैं और जो बच गए, वे आज भी अपने ही देश में शरणार्थी की तरह जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि जब हम अपने परिवार को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं, तो न केवल अपने परिजनों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि अलगाववादी, आतंकवादी और जिहादी ताक़तों को आर्थिक रूप से भी मजबूत करते हैं। कश्मीर में पर्यटन करने से आतंक वाद को मजबूती मिलती है पूर्व मंत्री ने कहा कि डल झील में नाव की सैर करते हुए ली गई तस्वीरें यह झूठा संदेश देती हैं कि कश्मीर में शांति है, जबकि सच बार-बार आतंकी हमलों के ज़रिए सामने आता है।

## पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना की भर्त्सना करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही केंद्र सरकार को इन आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, उनका धर्म डर फैलाना होता है, ताकि स्थानीय कारोबार को प्रभावित किया जा सके। अब सरकार ने इस बारे में सर्वदलीय बैठक बुलायी है, तो उनकी पार्टी अपना पक्ष सर्वदलीय बैठक में रखेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव सपा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यादव ने कहा कि किसी भी दल को ऐसी वीभत्स घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह देश हित का मामला है। सरकार की यह भी जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह की फेक न्यूज जो हमारी आतंरिक और बाह्य सुरक्षा को ठेस पहुंचाती है, उस पर तुरंत रोक लगाए और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में सरकार ने अपने विवेक के अनुसार निर्णय लिए और अब सरकार की जिम्मेदारी थी कि कश्मीर जा रहे पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखे। पहलगाम में जिस स्थान पर आतंकवादियों ने निरीह पर्यटकों पर गोली बरसाई, वह निर्जन स्थान नहीं था, मगर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए वहां कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी ही होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद की घटना के बाद सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का उनकी पार्टी स्वागत करती है।

## अर्थ व्यापार

# दिग्गज कंपनियों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार ढेर

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक उतरकर 24,277.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,347.85 अंक के उच्चतम जबकि 24,216.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.95 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।



# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल महंगा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से चावल महंगा हो गया, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48-60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850- 5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकियों को...** कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। श्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढ़ेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं।

**सर्वदलीय बैठक...** सुरक्षा डेप्लॉयमेंट की बात उठाई। राहुल गांधी ने भी पूछा कि ऊपर जहां घटना हुई वहां सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, जिस पर सरकार का कहना था कि जनरली इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है। जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं, लेकिन इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया। जिस बात की जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर डेप्लायमेंट हर साल जून के महीने में अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले होता है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी। कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए। जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हम पानी कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 मिनट का प्रजेंटेशन दिया।


# डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में आई गिरावट

## सर्वे में खुलासा- केवल 41 फीसदी लोगों की पसंद हैं राष्ट्रपति

वाशिंगटन, वार्ता

राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, टैरिफ और आव्रजन मुद्दों को लेकर अमेरिकियों का विश्वास ट्रम्प पर से कम हो रहा है।

हाल ही में हुए सर्वे में खुलासा हुआ है कि केवल 41 फीसदी अमेरिकी ही ट्रम्प के समर्थन में हैं। जबकि चुनाव के दौरान यह आंकड़ा कहीं ज्यादा था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में ट्रम्प की रेटिंग में गिरावट सामने आई। अब केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी उनके समर्थन में हैं। जबकि जनवरी में यह संख्या लगभग आधे से ज्यादा थी। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अन्य सर्वे में सामने आया कि ट्रम्प के काम की रेटिंग फरवरी में 47 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है। यह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 59 फीसदी से काफी कम है। वहीं गैलप ने पिछले सप्ताह कहा था कि कुल मिलाकर राष्ट्रपति बनने के पहले तीन महीनों में ट्रम्प की औसत अनुमोदन रेटिंग 45 प्रतिशत रही है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निर्वाचित सभी अन्य राष्ट्रपतियों से कम है। इससे साफ है कि अमेरिकियों का ट्रम्प की अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों को संभालने की क्षमता पर विश्वास कम हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाताओं ने 78 वर्षीय अरबपति को अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत माना था, लेकिन इस महीने लगाए गए व्यापक टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे के अनुसार अब 54 प्रतिशत अमेरिकियों का मानना है कि अर्थव्यवस्था खराब हो रही है, जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में पाया गया कि 45 प्रतिशत अमेरिकी लोग ट्रम्प के आव्रजन संबंधी प्रबंधन के तरीके से सहमत हैं, जबकि दो सप्ताह पहले यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। रायटर्स/इप्सोस सर्वे के मुताबिक जीवन-यापन की लागत के मामले में ट्रम्प की रेटिंग काफी कम है। केवल 31 प्रतिशत अमेरिकी ही इस मुद्दे पर उनके प्रदर्शन को मंजूरी देते हैं।



अमेरिकीयों का विश्वास घटा

### ईरान यूरेनियम संवर्धन छोड़े, तभी समझौता संभव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ए बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसआंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शिक्षा में बेमिसाल है नैनीताल

## अनूठा वातावरण, स्वच्छ पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता से बना नैनीताल शिक्षा का हब



150 सालों से भी अधिक समय से चले आ रहे नैनीताल की स्कूली शिक्षा का कोई जवाब नहीं। जिसके चलते नगर के कई स्कूल देशभर की स्कूलिंग में टॉप टेन में स्थान बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा के कारण देश विदेश के बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं।

वर्तमान परिवेश में सामाजिक वातावरण बदला है तो शिक्षा का स्वरूप भी बदल गया है, जो वैश्विक स्तर पर की हो चली है। जिसके अनुरूप खुद को स्थापित्त कर पाना शिक्षण संस्थानों की मजबूरी हो चली है। इस वजह ने नैनीताल के स्कूलों को बदल डाला है। जिस कारण नगर के नामी स्कूल हाईटेक बन गए हैं। बोलचाल से लेकर खानपान और व्यवहार कुशलता ने यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की अलग पहचान बनादी है। बच्चों की उत्ष्ट शिक्षा के चलते देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मान सम्मान के साथ स्थान दिया जाता है। दरअसल नैनीताल की आबोहवा ही कुछ ऐसी है, जो शिक्षण कार्य के अनुकूल है। यह कुदरत का ऐसा वरदान है, जो बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास में सहायक है तो स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल हैं। प्रदूषणमुक्त साफ सुथरा शांत वातावरण इस नगर को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के चुनिंदा स्थानों में शामिल करता है। अनूठा वातावरण, सुंदर पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता के कारण ही अंग्रेजों ने इस नगर को छोटी विलायत नाम दे डाला और शिक्षा का हब बना दिया। यहां अत्याधुनिक आवासीय विद्यालयों की भरमार है तो छोटे छोटे प्ले स्कूल नन्हे मनों को

सामाजिक समरसता में ढालकर जीवन की डगर को आसान बनाते हैं। नैनीताल उत्तर भारत के अलावा पूर्वी प्रांतों की पहली पसंद है। इन प्रदेशों से हजारों की संख्या में प्रति वर्ष बच्चे इस नगर में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और भविष्य संवारते हैं।

प्रस्तुति :
**दिग्विजय सिंह बिष्ट**
**अकांशी मेवाड़ी**

### आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।


The Pine Crest Elementary School
Near Sherwood College, Ayarpatta Hills
Tallital Nainital
Cont. No.: 05942-232245
7579435277
9837052521
www.pinecrestschoolnainital.com
schoolpinecrestnainital@gmailcom


### नए अवतार में सीआरएसटी इंटर कॉलेज



मनोज पांडे
प्रधानाचार्य



दीपा बिष्ट,
प्रधानाचार्य
जूनियर विंग।

वर्ष 1858 में स्थापित सीआरएसटी इंटर कॉलेज अब नए अवतार में नजर आएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय कक्षा छः से 12वीं तक सीनियर विंग के रूप मे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तो दूसरी ओर जूनियर विंग नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे मुन्नों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है। आधुनिक कक्षाएं व विज्ञान लैब के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम ने विद्यालय की कायाकल्प किया कर दिया गया है। साथ ही रंगों कीकलाकृति से सजी दीवारों ने विद्यालय की सूरत बदल डाली है। सीनियर विंग के प्रधानाचार्य मनोज पांडे कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा के दौर में खुद को स्थापित करने व विद्यालय के ऐतिहासिक गौरव को बरकरार रखने के लिए विद्यालय को आधुनिक रंग में ढालने का प्रयास किया गया है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से संचालित जूनियर विंग को इस सत्र से जोड़ा गया है। जूनियर विंग पूर्व में अमेरिकन किड्स के नाम से संचालित की जाती थी, अब सीआरएसटी जूनियर विंग के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। जुनियर विंग की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट कहती हैं कि बच्चों के बहुमुखी विकास को लेकर जीवन समर्पित किया है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से वह अपना दायित्व निभा रही हैं। जिसके फलस्वरूप उनका शैक्षणिक मार्ग अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय का कुशल प्रबंधन पद्मश्री अनूप साह द्वारा किया जा रहा है।


CRST INTER COLLEGE
Reputed School of Nainital
ADMISSION OPEN 2025-26
SENIOR WING. Class VI to XII
JUNIOR WING. Class Nursery to V
Manoj Pande Principal Senior Wing.
Anup Sah Manager
Deepa Bisht Principal Junior Wing.
City's Play School American Kids Has Been Conveyed in CRST's Junior School Wing.




RAMA MONTESSORI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
Will be offering you Comprehensive education from NURSERY TO CLASS 8th Join our legacy of Excellence and Holistic development.
Excellent Teacher Student Ratio
Computer classes
Taekwondo Classes
EMPOWERING YOUNG MINDS WITH QUALITY EDUCATION.
COME AND BE A PART OF OUR FAMILY. WHERE LEARNING MEETS EXCELENCE AT
RAMA MONTESSORI SCHOOL
NAINITAL
25 Years Completed
For more details
Visit at our website
www.ramamontessori.com
Contact : 9759911893, 9760408506.
ADMISSION OPEN 2025-2026


### शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए.थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।


St. John's School
Nainital
ADMISSION OPEN 2025-26
Class Nursery to VII
1 Boarding & Day School
2 New Pre-Nursery Section 'HAPPY FEET'
3 Co-Educational
4 Excellent Teaching Staff
5 Provision for Games Drama, Music Out Door Activities Treks etc.
6 Large Dormitories with Qualified Matron and Maids
7 Safety and Security
8 Felicitous Staff Chosen with great care.
9 Shaded outdoor Play areas
10 Coeducational- Separate dormitories for Boys, Girls and Juniors
Above High Court Mallital, Nainital, Uttarakhand
8126562778, 8218336268 stjohnsntl@gmail.com



VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL
Under the aegis of C.L SAH Memorial Education Society. Redg. 88/2009.
The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.
The school has also introduced smart classes.
•PLAYWAY •PREPARATORY •ACTIVITY CENTER
Near Talllital Rickshaw Stand, Nainital


### VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL



Vrindavan Public School was established in 2009 under the aegis of C.L. Sah Memorial Education Society with the aim of fostering the holistic development of young learners. As a Playway and Preparatory School, it has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities.The school's clean, green, sunny and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, ensuring they develop into bright and confident individuals.This English-medium school is efficiently managed by a team of dedicated staff members under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah. She emphasizes the school's commitment to providing the best possible atmosphere for the all-round development of her beloved students. The school has also introduced smart classes and projectors, enhancing engagement and making learning more interactive for young minds. These advancements help create a dynamic learning environment. Additionally, the school promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, which serve as valuable components of a well-rounded physical education program. The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.

### छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश–विदेश में अपना भविष्य संवार चुके है। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

### नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज



नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।


BISHOP SHAW INTER COLLEGE
EST.1971 ENGLISH MEDIUM,
CO-EDUCATION RECOGNIZED U.A. BOARD FOLLOWING
ADMISSION OPEN
Class Nursery to 12
Veena Massey PRINCIPAL
Neelam Dani MANAGER
TALLITAL, NAINITAL, PH. 05942-235371



ALL SAINTS' COLLEGE
NAINITAL
FOUNDED IN 1869
DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class I to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
BEST SCHOOL OF SPORTS
Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org

# कई संगठनों ने आंतकवाद का पुतला दहन कर दिया ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए कायरतापूर्ण आंतकवादी हमले को लेकर आक्रोशित हिन्दू संगठनों ने लोनी तिराहे पर पुतला दहन किया। हनुमान मंदिर पर शाम 5 बजे सभी हिन्दू संगठनों के लोग एकत्रित हुए। मौके पर लोनी पुलिस थाना प्रभारी व लोनी तिराहा चौकी इंचार्ज राहुल शर्मा भी भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए।

हिन्दू संगठनों के लोग हाथों में तिरंगा व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों जैसे स्लोगन लिखे बोर्ड तख्ती लेकर लोनी तिराहे की तरफ बढ़ने लगे। आंतकवाद का पुतला लेकर जय श्री राम, हर हर महादेव के नारों के साथ लोनी तिराहा गूँजने लगा। उन्होंने पहलगाम में निरपराध सैलानियों पर हुए कायरतापुर्ण आंतकवादी हमले की घोर निंदा की और भारी आक्रोश व्यक्त किया। और एसीपी को देश प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद ओबीसी मोर्चा रवि धामा भी मुख्य रूप से शामिल हुए उन्होंने कहा कि हम सब अपने देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से आग्रह करते है कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अगर कोई बात हो अब सिर्फ गोली से हो।

28 सैलानियों की मौत का बदला पाकिस्तान के 28 हजार जवानों, आतंकवादियों को मारकर लेना चाहिए। हिन्दू जागरण मंच से नितिन शर्मा, सतीश गुर्जर ने कहा कि अब समय आ गया है कि कश्मीर से एक एक जेहादियों को चुन चुन कर घर से बाहर निकाल कर चौराहे पर खड़ा करके गोली मारे विश्व हिंदू परिषद से हरदीप सिंह ने कहा कि हमारे देश के आदरणीय रक्षामंत्री जी को भी सीमाओं पर विशेष ध्यान देकर चौकसी बढ़ानी चाहिए। किसी भी घुसपैठियों को देखकर तुरन्त गोली मार दी जाए। ताकि आने वाले समय मे पहलगाम जैसे आतंकवादी हमले ना हो। मौके पर हिन्दू संगठनों के सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

इसके अलावा अल्पसंख्यक कांग्रेस महासचिव उत्तर प्रदेश अकबर चौधरी के नेतृत्व में भी लोनी तिराहा नियर हनुमान मंदिर पर पहलगाम कश्मीर में आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया अफसर प्रमुख के रूप से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष लोनी सद्दाम चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता करीमुद्दीन, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस महबूब राजपूत, पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस राबिया अंसारी, पूर्व जिला जिला सचिव मोहिन भाई, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष वारिश खान, पूर्व जिला महासचिव कामिल मिर्जा, जुनैद सैफी, मोनू खान, अफसर सैफी, मुदशर खा, आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## ठेकेदार और नगर निगम के कर्मचारियों की मिली भगत से कूड़े के ढेर में रोज लगाई जा रही है आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पाइपलाइन रोड पर भीकनपुर ग्राम में बने डंपिंग ग्राउंड पर ठेकेदार और नगर निगम के कर्मचारियों की मिली भगत से कुड़े के ढेर में लगाई गई। आग लागने के कारण आसपास के गांवो में धूए से दम घुटने के कारण लोगों का जीना हराम हो रहा है। एन.जी.टी के द्वारा समय समय पर पॉल्यूशन को लेकर कार्यवाही की जाती रही है परन्तु 6 से 7 बार कूड़े में आग लगाई जा चुकी है इस और किसी ने ध्यान नही दिया गया।

## पूर्व अध्यक्ष व उनके साथी रेप केस में बरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा, व शोभित मलिक, दीपक धामा, राहुल धामा, विकास पंवार एक महिला के द्वारा लगाये गये फर्जी रेप केस में बाइज्जत बरी किए गए।

इस अवसर पर मनोज धामा ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही मुझे व मेरे सभी भाइयों को भारतीय न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था न्यायपालिका ने दूध का दूध पानी का पानी करते हुए एक महिला के द्वारा लगाए गए रेप केस में हम सभी को बरी किया है तथा आज कई वर्षो से चल रहा है परेशानी का दौर भी खत्म हुआ।

हमे व हमारे परिवारों को न्याय मिला इस अवसर पर हम माननीय कोर्ट का धन्यवाद करते हैं तथा और समाज के एक बहुत बड़े वर्ग से गुजा. रिश करते हैं की राजनीतिक कठपुतली बनकर किसी के भी परिवार को उजाड़ने के नियत से कोई भी गलत कार्य नहीं करना चाहिए कभी भी किसी अच्छे और सच्चे व्यक्ति पर व उसके दामन पर कभी भी गलत आरोप नहीं लगाना चाहिए।

ईश्वर सबका न्याय करते हैं कोर्ट में जज की कुर्सी पर बैठें भगवान स्वरूप व्यक्ति सभी का न्याय करते हैं माननीय कोर्ट ने न्यायसंगत न्याय किया।

## विशाल कौशिक बने उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के जिला संयोजक



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के गाजियाबाद जिला संयोजक विशाल कौशिक को बनाया गया। जिसकी घोषणा प्रांतीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने पत्र जारी कर की तथा इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री अजय चौधरी ने विशाल कौशिक को जिला संयोजक बनाए जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की

## आतंकवाद व पाकिस्तान का प्रतीकात्मक पुतला किया दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जम्मू-कश्मीर में हमारे निर्दोष हिंदू भाइयों की निर्मम हत्या से उपजे राष्ट्रव्यापी आक्रोश को लेकर आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद द्वारा एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यालय 50, नयागंज से हुई, जहाँ से सभी व्यापारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति एक रैली के रूप में मालीवाड़ा चौक तक पहुँचे और वहाँ आतंकवाद और पाकिस्तान का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।



इस कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष संदीप बंसल ने की। उनके साथ संजय गुप्ता, राजेश बंसल, संजय बिंदल, देवानंद कश्यप, विकास, दीपक वर्मा, नितिन मित्तल, रोहित गौतम एडवोकेट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उपस्थित अन्य सम्माननीय सदस्यगण: सुनील, अशोक कुमार, रविंद्र चौधरी, अनिल गुप्ता, गोविंद सिंह, सोनू जैन, गौरव चौधरी, सुनील साहब, मोहम्मद इमरान रिजवान, सत्येंद्र कुमार गर्ग, अनुज कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, मोनू तिवारी, अमित कुमार, अभिनेंद्र वर्मा, पिंटू, राज. कुमार, अमित, अमल किशोर, रामकुमार, जितेंद्र तिवारी, संदीप कुशवाह, पप्पू, दिनेश कुमार, नरेंद्र कुमार, सुंदरलाल, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार गर्ग, सानू प्रधान, अमन सिसोदिया, अमित कुमार गुप्ता, हरीश, अनिल कुमार, विकास कुमार, अभिषेक, मुकेश अग्रवाल, अनिल गौतम, राजेश, रमेश चंद, रिंकू सिंह, दीपक अग्रवाल, कुंज बिहारी गोस्वामी, नवीन गौतम, प्रकाश शर्मा, रमेश शर्मा, रवि शर्मा, मंजूर भाई, सोनू सैनी, नरेंद्र कुमार बिल्लू एवं आपका सेवक - ChatGPT (आपका नाम जो भी आप चाहें, यहाँ जोड़ा जा सकता है) ने भी इस राष्ट्रहित कार्यक्रम में सहभागिता की और एकजुटता का परिचय दिया।

संदीप बंसल ने कहा कि 'आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। हम सभी व्यापारीगण देश की एकता और अखंडता के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं और राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ सदैव खड़े रहेंगे।' पूरे कार्यक्रम के दौरान श्भारत माता की जयश, 'वंदे मातम्' और 'आतंकवाद मुर्दाबाद' के नारों से वातावरण गूंज उठा और आम जनमानस में एकता, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना और भी प्रबल हुई।

## तहसील प्रशासन ने कराई 50 करोड़ रुपये की सरकारी भूमि कब्जामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उप जिलाधिकारी मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती के निर्देशन में राजस्व टीम और विकास विभाग की संयुक्त टीम ने मोदीनगर तहसील के गांव तलहटा में अवैध कब्जा की भूमि को मुक्त कराया, कुल 50 बीघा जमीन कब्जा मुक्त करायी गयी जिसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये है।



इस दौरान तहसील प्रशासन से नायब तहसीलदार सचिन पंवार और लेखपाल एवम राजस्व निरीक्षक आलोक कुमार थे, जबकि विकास विभाग की और से खंड विकास अधिकारी पीयूष राय मौजूद रहे।

## रोटरी स्मार्ट सिटी ने किया भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में ।ठम्ष्ज कॉलेज में एक प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मेजबानी कॉलेज के चेयरमैन एवं क्लब के सक्रिय सदस्य आशु गोयल ने की। इस पुण्य कार्य में क्लब के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, क्लब की थ्पतेज स्ंकल रीनम अग्रवाल तथा सचिव भारती गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही क्लब के अनेक सम्मानित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति और सहभागिता से इस आयोजन को विशेष बना दिया। उपस्थित गणमान्य सदस्यों में प्रमुख रूप से बबीता जैन, पी.डी.जी. सुभाष जैन, प्रवीण गोयल, अधीर गर्ग, मनोज अग्रवाल, सीमा गोयल, देवेंद्र मित्तल, विकास शर्मा, नरेश, साक्षी जिंदल, सारंग अग्रवाल, डॉ. अरुणा, विकास गुप्ता, योगेश गोयल शामिल रहे।

इन सभी सदस्यों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि समाजसेवा के इस यज्ञ में सबने अपनी आहुति दी। कॉलेज के सभी युवा छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक इस रक्तदान महायज्ञ में भाग लिया, जिससे कुल 155 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ख्र जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

रोटरी स्मार्ट सिटी गाजियाबाद इस सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी रक्तदाताओं, क्लब सदस्यों, कॉलेज प्रशासन और विशेष रूप से युवा वर्ग का हृदय से धन्यवाद करता है। यह शिविर एक सामाजिक पहल के साथ-साथ एक प्रेरणा का स्रोत भी बना।

### एक नजर

## पहलगांव पर हमला इंसानियत को शर्मसार करने वाला: डॉ. मोबिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजसेवी डॉ. मो. बिन ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव पर हमला इंसानियत को शर्मसार करने वाला बताया साथ ही उन्होंने कहा कि इस पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए व पाकिस्तान को सबक सिखानी चाहिए।



जम्मू कश्मीर के पहल गांव में आतंकवादी द्वारा जो हमला निहत्थे निर्दोष पर्यटकों के ऊपर किया गया वह इंसानियत को शर्मसार करता है तथा निहत्ते पर्यटकों के ऊपर हमला करके आतंकवादियों ने एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार किया।

आतंकियों ने निहत्ते पर्यटकों पर कई राउंड फायरिंग करते हुए 28 लोगों को मार दिया और कई सारे लोगों को बुरी तरीके से घायल कर दिया ऐसा घिनौनी हरकत सिर्फ आतंकी ही कर सकते हैं।

आतंकवादी द्वारा किया गया निर्दोष लोगों की हत्या कि हम कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं और साथ ही सरकार से मांग करते हैं कि इस पर शक्त शक्त कार्रवाई होनी चाहिए। इन आतंकवादियों का ना कोई धर्म होता है ना ईमान बस इनका एक ही मकसद होता है देश में अशांति फैलाना और मजहब को बदनाम करना। कट्टरपंथी समझ ले कि भारत सबका है और हम सब भारत के हैं, हमारे एकता को तोड़ने की कोशिश ना करें, वरना हमें दो टुकड़े करने की ख्वाब देखने वाले इन आतंकवादियों को हमारे देश की सैन्य शक्ति कुचल कर रख देगी।

### पहलगाम की निंदनीय घटना के विरोध में

## निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का जलाया झंडा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अपना गुस्सा व आक्रोश जाहिर करते हुए पाकिस्तान का झंडा जलाया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। तदोपरांत मृतकों की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इस मौके पर सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि पाकिस्तान में बैठे हुए आंकाऔ के इशारे पर पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की जिस तरह से आतंकवादियों ने हत्या की है इससे दुखद कुछ नहीं हो सकता, इस पूरी घटना से पूरा देश आक्रोशित है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं पर पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 28 हिंदु भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसमें से कुछ नव विवाहित जोड़े भी थे जिनकी अभी कुछ दिन पहले शादी हुई उनकी पत्नियों के सामने उनके पतियों की हत्या कर उनको विधवा बना दिया गया। ऐसा नरसंहार जो की याद दिलाता है हमास द्वारा इजराइल पर किए हुए नरसंहार हमले की, ऐसे नरसंहार की हम सब लोग घोर निंदा करते हैं। हम भारत सरकार से निवेदन करते हैं कि इस नरसंहार का बदला उसी प्रकार से लिया जाए जैसे कि इजराइल ने हमास के के ऊपर हमला करके लिया अर्थात इस नरसंहार के लिए पाकिस्तान पर सर्जिकिल स्ट्राइक नहीं सेना द्वारा आतंकवाद के ठिकानों का सफाये के साथ पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में विलय कर अमन चौन को बहाल किया जाए। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईटीएस में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में "वैश्वीकरण 5.0: नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, आई टी एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, आई टी एस -द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक पी आर सुरिंदर सूद, विशेष अतिथि संजीव रॉय यूनेस्को फेलो इरास्मस मुंडस स्कॉलर (यूरोपीय आयोग) यूरोपीय संघ-भारत-ब्रिटेन उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान सलाहकार तथा विशेष अतिथि मिस स्वाति सिंह निदेशक व्यापार नीति प्रभाग भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ वी एन बाजपेयी, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार द्वारा परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आई टी एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा ने कहा की वैश्वीकरण 5.0 एक नए युग का प्रतीक है - जो न केवल डिजिटल रूप से जुड़ा हुआ है, बल्कि गहराई से मानव-केंद्रित है। चूंकि हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और सतत विकास के चौराहे पर खड़े हैं, इसलिए हमारी जिम्मेदारी न केवल नवाचार करना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि नवाचार हर नागरिक, हर समुदाय की सेवा करे। आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के निदेशक पी आर सुरिंदर सूद ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और एआई-संचालित शासन के माध्यम से, हम यह परिभाषित कर रहे हैं कि कैसे प्रौद्योगिकी समाज को सशक्त बना सकती है और समान विकास को बढ़ावा दे सकती है। विशेष अतिथि संजीव रॉय ने जोर दिया कि ऐसे बुद्धिमान पारिस्थितिकी तंत्रों के निर्माण में केवल वैश्विक नहीं बल्कि स्थानीय रूप से निहित, नैतिक रूप से संचालित मुद्दों का भी समावेश होना जरूरी है। विशेष अतिथि स्वाति सिंह ने कहा कि आज उद्यमिता केवल शहरी केंद्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि ग्राम क्षेत्रों में भी परिवर्तन का आधार बन रहा है, एग्रीटेक से लेकर स्वच्छ ऊर्जा तक, एडटेक से लेकर फिनटेक तक - नवाचार सीमाओं को तोड़ रहा है।




### निहत्थे टूरिस्टों की हत्या के विरोध में

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने मोमबत्ती जलाकर किया रोष प्रकट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संसार के स्वर्ग भारत के दिल कश्मीर के पहलगांम में पाकिस्तान समर्थक आतंकियों द्वारा निहत्थे टूरिस्टों की हत्या के विरोध में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद में जिला अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सदस्य बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर रोष प्रकट किया।

तथा हाथों में तिरंगे लेकर पाकिस्तान को ललकारा और भारत सरकार से इस जघन्य हत्याकांड का तुरंत बदला लेने की राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की और संसार के नक्शे से पाकिस्तान का नाम खत्म करने की अपील की। यदि पाकिस्तान को इस समय मुंह तोड़ जवाब नहीं दिया तो आतंकियों के हौसले बुलंद हो जाएंगे इसलिए पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की राष्ट्रीय व्यापार मंडल अपील करता है।

2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से बाल किशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय राजीव अग्रवाल विक्की चौधरी सुनील बिल्लू सुनील शर्मा आदेश समीर शर्मा सर्वेश कंसल राकेश बहल राहुल त्यागी मनीष आदि उपस्थित रहे।

## आईटीएस में किया गया फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए भावनात्मक और उत्साहपूर्ण फेयरवेल पार्टी "एण्डलैस बलूम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि मि0 सुधाकर सिंह, कॉलेज के निदेशक डॉ० एस० सदीश कुमार, डीन डॉ० राजकुमारी, डॉ0 मनोज कुमार शर्मा, डॉ0 मनीष शाक्य और मि0 मनीष कुमार ने भाग लिया।



इस अवसर पर आई०टी०एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ० आर० पी० चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन मिस्टर अर्पित चड्ढा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त कर संस्थान और देश का नाम रोशन करें।कॉलेज के निदेशक डॉ० एस० सदीश कुमार ने अपने प्रेरणादायक भाषण में संस्थान की कार्यप्रणाली और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे कुशल, जिम्मेदार और संस्कारी नागरिक बनकर समाज में अपनी एक सकारात्मक पहचान बनाएं।

उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान से बी0 फार्मा0 और एम0 फार्मा0 की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्र आज प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप न केवल फार्मासिस्ट है बल्कि हेल्थ केयर के क्षेत्र में एक अहम घटक है। मि0 सुधाकर सिंह, रिसर्च असिस्टेंट, वाईटलस बैलवींग इंडिया लि0 ने कहा कि छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए बी0 फार्मा के मुख्य विषय की जानकारी के साथ-साथ टेक्निकल स्किल तथा लाइफ स्किल्स, जैसे टाइम मैनेजमेंट की आवश्यकता है। छात्रों को अपने उद्देश्य को पहचान कर उसके लिए सतत प्रयास करने चाहिए। फेयरवेल कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सोलो सिंगिंग, ग्रुप डांस, सोलो डांस, रैंप वॉक और कविता पाठ जैसे रंगारंग कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रों ने अपने सीनियर्स को गले लगाकर विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई छात्रों ने मंच से अपने कॉलेज जीवन के अविस्मरणीय अनुभव साझा किए, जिनमें भावनाएं और यादें झलकती रहीं। साथ ही मनोरंजन के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र भी रखा गया।

इस कार्यक्रम का संचालन मिस्टर शुभांशु गोयल एवं मिस्टर गौरव चौधरी ने किया, तथा संपूर्ण आयोजन का मार्गदर्शन डॉ० मनोज कुमार शर्मा एवं मिस स्वाति वर्मा द्वारा किया गया। फार्मेसी विभाग के सभी शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम अत्यंत सफल और स्मरणीय रहा। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर फेयरवेल एकान्श शर्मा, मिस फेयरवेल नीशू तथा बेस्ट परफॉर्मर राधिका सौदे का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मुनेश कुमारी से बदलकर मुनेश देवी रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम मुनेश देवी से जाना व पहचाना जाए।

**मुनेश देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार मलिक निवासी एच -21 गोविंदपुरम गाजियाबाद।**

# मुख्यमंत्री ने की पीडब्लूडी अधिकारियों संग बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आज दिल्ली सचिवालय में पीडब्लूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी मौजूद रहे। इस समीक्षा बैठक के दौरान राजधानी में जलभराव की स्थिति, नालों की सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और सड़कों की हालत को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जलभराव के प्रत्येक बिंदु पर नियुक्त किये गए नोडल अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों के लिए ठोस एक्शन प्लान प्रस्तुत करे। साथ ही ७ अति-संवेदनशील जलभराव स्थलों की सीधी निगरानी प्रमुख सचिव और इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जूनियर इंजीनियर से लेकर उच्च अधिकारियों तक प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाए और हर बिंदु पर निगरानी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि २०२३ और २०२४ में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के द्वारा दिल्ली में पीडब्लूडी के अंतर्गत ३३५ जलभराव स्थलों को चिन्हित किया है, इनमे से २८४ स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष स्थानों पर कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चिन्हित जलभराव क्षेत्रों तक सीमित न रहते हुए, अन्य संभावित और प्रभावित इलाकों की भी पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक सर्वेक्षण कर वास्तविक हालात का मूल्यांकन करने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश पीडब्लूडी को दिया है। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थानों से अवैध पोस्टर और बैनर हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं और उल्लंघन की स्थिति में प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि दिल्ली को जलभराव-मुक्त, स्वच्छ



और सुगम बनाने के लिए कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त सड़कों के सुदृढ़ीकरण, गड्ढों की मरम्मत और सेन्ट्रल वर्जेस को हरा-भरा बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में हर साल बरसात के दौरान जलभराव की समस्या एक गंभीर चुनौती रही है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।दिल्ली सरकार के द्वारा मानसून से पहले ही युद्धस्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। नालों की गहन सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और रीकंस्ट्रक्शन, मॉनिटरिंग की व्यवस्था, सरकार के द्वारा हर जरूरी पहलू पर कार्य किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि दिल्लीवासी इस बार बिना किसी परेशानी के मानसून का स्वागत कर सकें। क्योकि यह केवल शहर की छवि या ट्रैफिक मैनेजमेंट का सवाल नहीं है बल्कि हर नागरिक की बुनियादी सुविधा से जुड़ा विषय है।

बैठक के बारे में अधिक जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने बताया कि मानसून के दौरान दिल्ली में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से कार्यरत है। आज पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियो के साथ अब तक की गई तैयारियों की गहन समीक्षा की गई है। साथ ही पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति का भी आकलन किया गया है। इसके अतिरि सभी चिन्हित जलभराव स्थलों पर तैनात अधिकारियों की स्थिति की समीक्षा भी की गई है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

## लू का यलो अलर्ट झुलसाएगी गर्मी, पारा पहुंचेगा 43 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी का प्रकोप तेज हो गया है। यह पूरा सप्ताह गर्मी वाला रहेगा, वहीं दो दिन लू की भी संभावना है। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया है। इस कारण से तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर पूरे सप्ताह गर्मी खूब झुलसाएगी। २६ अप्रैल को पहाड़ों में नए पश्चिमी विक्षोभ की दस्तक के बाद भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।दिल्ली में बीते दो दिन से अधिकतम तापमान ४० डिग्री से नीचे बना हुआ है। तापमान कम होने के बावजूद सूरज के तेवर कड़े हैं। सूरज मानो आग बरसा रहा हो, दिन में गर्म हवा लोगों को परेशान कर रही है। तापमान बढ़ने से गर्मी का अहसास ज्यादा होगा। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से १.९ डिग्री अधिक ३९.६ डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से ३.० डिग्री कम १९.७ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चाकू से गोदकर महिला की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांडव नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े घर के अंदर चाकू से गोदकर एक महिला की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। मृतका की पहचान प्रियंका के रूप में हुई है। महिला के पूर्व पति पर हत्या का शक जाहिर किया जा रहा है। आशंका है यह भी है कि आरोपित ने इस हत्या को लूट का विरोध करने पर हत्या दिखाने की कोशिश की है। घर में सामान बिखरा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एलबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के पूर्व पति संदीप की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पांडव नगर थाना ने हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है।

प्रियंका अपने परिवार अपने पति के साथ पटपड़गंज गांव में किराये पर रहती थी। परिवार में पति अरुण है। अरुण का मसाला सप्लाई का काम है। परिवार ने बताया कि यह प्रियंका की दूसरी शादी थी। गत जनवरी में उसने अरुण से शादी की थी। बुधवार को अरुण काम पर गया हुआ था।

शाम करीब पांच बजे एक पड़ोसी ने पुलिस को फोन करके सूचना दी कि घर के एक कमरे में आग लगी हुई है। अंदर एक महिला भी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया गया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया टाउन हॉल के रिकॉर्ड रूम का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के ऐतिहासिक टाउन हॉल स्थित रिकॉर्ड रूम का दौरा किया। यह स्थान देश की लोकतांत्रिक और विधायी विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संरक्षण करता है।

इस रिकॉर्ड रूम में सन १८८० के बाद से जुड़े नगर निकायों से संबंधित अभिलेख, बजट, प्रशासनिक दस्तावेज और अन्य ऐतिहासिक रिकॉर्ड संजोए गए हैं। गुप्ता ने स्वयं इन दस्तावेजों का अवलोकन किया और इनके संरक्षण के लिए की जा रही प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये दस्तावेज भारत के शासकीय और नागरिक संस्थानों के विकास की महत्वपूर्ण कहानी कहते हैं।

यह पहल लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला की उस दृष्टि के अनुरूप है, जिसमें वे भारत की विधायी विरासत के संरक्षण और डिजिटलीकरण की लगातार पैरवी कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के साथ नगर निगम दिल्ली की हेरिटेज सेल प्रमुख संजीव सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने रिकॉर्ड्स के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और इनके दीर्घकालिक संरक्षण के उपायों पर विचार किया। अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय निकायों, विरासत विभागों और अभिलेखागार संस्थानों के बीच समन्वय आवश्यक है।

उन्होंने विशेष रूप से दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर जोर दिया, जिससे आम जनता, शोधकर्ता और छात्र भारत की लोकतांत्रिक यात्रा से गहराई से जुड़ सकें। भारतीय संसद सचिवालय द्वारा इन दस्तावेजों के डिजिटलीकरण में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई गई है, जो हमारी विधायी धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता टाउन हॉल के रिकॉर्ड रूम का दौरा करते हुए।

# पाक हाई कमीशन के बाहर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आतंकवाद विरोधी कार्य मंच और भाजपा सदस्यों ने दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए।

वहीं, महिलाओं के हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर भी देखे गए। भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि दिल्ली में भाजपा आज भारत के १४० करोड़ लोगों के दिलों में जो भावनाएं हैं, उन्हें व्यक्त कर रही है। हम पीएम मोदी को भरोसा दिलाते हैं कि हम उनके साथ खड़े हैं। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हमारी मांग है कि पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन करने वाला देश घोषित किया जाए। भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि भारत के लोगों के दिलों में गुस्सा है।

पाकिस्तान को बर्दाश्त नहीं हुआ कि कश्मीर मुख्यधारा में कैसे शामिल हो गया। कल मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक की। भारत सरकार इस घटना का बदला लेगी। उन्होंने कहा हम पाकिस्तान को बताना चाहते हैं कि अब वह सीमा पार आतंकवाद को जारी नहीं रख सकता। भारत सरकार और हमारी सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी।

# कश्मीर में फंसे यात्रियों के लिए रेलवे ने किया खास इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में फंसे हुए यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने कई कदम उठाए गए हैं। रेलवे स्टेशनों पर हेल्पलाइन नंबर जारी करने के साथ ही स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा व जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर वार रूम स्थापित किया गया है। यात्रियों की मदद के लिए रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त रेलवे कर्मियों को तैनात किया गया है। जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग स्टाफ ने विभिन्न ट्रेनों में १६५ फंसे हुए पर्यटकों को स्थान उपलब्ध कराया है। ठहराकर असाधारण कार्य किया। बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर रेलवे स्टेशन से भी फंसे हुए यात्रियों को गंतव्य तक भेजा रहा है।

यहां पहुंचे १७० यात्रियों को अलग-अलग ट्रेनों के माध्यम से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। विशेष ट्रेनें चलाकर लगभग आठ सौ यात्रियों को जम्मू कश्मीर के रेलवे स्टेशनों से दिल्ली पहुंचाया गया। श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से एक अन्य विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को चलाई जा रही है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भोजन व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क से यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का थर्ड पार्टी ऑडिट कराने का निर्देश

**नई दिल्ली।** यमुना नदी को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को राजधानी में मौजूद सभी ३७ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) का थर्ड पार्टी ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। डीजेबी की सीवेज प्रबंधन शाखा के साथ समीक्षा बैठक में मंत्री को राजधानी की सीवेज संरचना की वर्तमान क्षमता और अपग्रेडेशन कार्यों की स्थिति से अवगत कराया गया। इस दौरान मंत्री ने डीजेबी को सभी एसटीपी की क्षमता और वास्तविक ट्रीटमेंट की स्पष्ट जानकारी के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट का निर्देश दिया। जल मंत्री ने कहा कि यमुना में अब भी बड़ी मात्रा में बिना ट्रीटमेंट का सीवेज गिर रहा है।

# जेएनयू में फलस्तीन के झंडे के बदले में एबीवीपी ने इजराइल का दिखाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव की प्रेसिडेंशियल डिबेट बुधवार देर रात शुरू होने से पहले चुनाव समिति ने पहलगाम घटना की निंदा की। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान छात्रों ने आतंकवादी घटना के बदले की मांग उठाई। रात ११:२५ बजे डिबेट की शुरुआत एनएसयूआई के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रदीप डाका के संबोधन से हुई। डिबेट के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से कश्मीर घटना की बदले की मांग वाले पोस्टर प्रदर्शित किए गए। वहीं, आइसा वाले खेमे की तरफ से फिलिस्तीन का झंडा दिखाया गया और लाल सलाम की गूंज रही। फिलिस्तीन के झंडे के बदले में एबीवीपी ने इजराइल का झंडा कागज पर बनाकर प्रदर्शित किया। हालांकि, मंच से झंडे न दिखाने को लेकर घोषणा भी की गई। इस दौरान बापसा और एनएसयूआई सर्मथकों के बीच गर्मागर्मी और नोकझोंक देखने को मिली। बापसा समर्थकों का आरोप है उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को धक्का दिया। डिबेट में सभी उम्मीदवारों के लिए १२-१२ मिनट का समय बोलने के लिए निर्धारित किया गया था। खबर लिखे तक एनएसयूआई उम्मीदवार का भाषण जारी था।

# जलभराव प्वाइंट्स पर रहेगी विशेष निगरानीः मंत्री प्रवेश साहिब सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानसून से पहले दिल्ली को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए दिल्ली सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी द्वारा राजधानी को जलभराव-मुक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की गई है। इस बार सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट हैख्रकहीं कोई लापरवाही नहीं होगी, हर प्वाइंट पर निगरानी और तय जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। पीडब्ल्यूडी के अनुसार, वर्ष २०२३ में दिल्ली में ३०८ जलभराव प्वाइंट्स चिन्हित किए गए थे। २०२४ में यह



संख्या घटकर १९४ रह गई थी, जिनमें से ५७ प्वाइंट्स दोनों वर्षों में सामान्य रूप से चिन्हित किए गए थे। अब २०२५ में ट्रैफिक पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार राजधानी में कुल ४४५ जलभराव प्वाइंट्स की पहचान की गई है। इनमें से ३३५ प्वाइंट्स की जिम्मेदारी सीधे पीडब्ल्यूडी के अधीन आती है। पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सभी ३३५ प्वाइंट्स पर असिस्टेंट इंजीनियर (एई) और जूनियर इंजीनियर (जेई) को स्थानीय इनचार्ज के रूप में नियुक्त किया है। इन अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता, साइट की निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार बनाया गया है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि मानसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूरी हों।पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी भी चिन्हित जलभराव प्वाइंट पर बारिश के दौरान पानी भरता है, तो संबंधित इंजीनियर के खिलाफ सखय़्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन भी शामिल होगा।




एंटी टेरर एक्शन फॉरम के सदस्य पाकिस्तान उच्चायोग के सामने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

# आतंकवादी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एंटी टेरर एक्शन फॉरम द्वारा पाकिस्तान उच्चायोग के सामने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकवादी हमले के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. हर्षवर्धन एवं सतीश उपाध्याय, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल सहित सभी कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में शहीद हुए भारतीयों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा। विरोध प्रदर्शन में एंटी टेरर एक्शन फॉरम के पदाधिकारियों सहित दिल्ली भाजपा के पदाधिकारी और विधायक भी मौजूद रहे। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को तोड़ा जिसके बाद वीरेन्द्र सचदेवा सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस डिटेन कर चाणक्यपुरी थाना ले गई जहां से कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

उन्होंने कहा कि हर हिन्दुस्तानी जो भारत से प्यार करता है वह आज गुस्से में हैं और पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने जो करतूत की है, उसका जवाब जल्द मिलेगा। यह आज का हिन्दुस्तान है, यह नरेन्द्र मोदी का हिन्दुस्तान जो ऊरी हो या फिर पुलवामा हो उसके बाद जवाब दिया है।

## मेयर चुनावः कांग्रेस ने मांगा आप से समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी में आज होने वाले मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए संख्या बल कम होने के बावजूद कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। बुधवार को कांग्रेस ने समर्थन के लिए आप नेताओं को पत्र लिखा है। कांग्रेस पार्षद दल की नेता नाजिया दानिश ने अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज, आतिशी सहित आप पार्षदों को पत्र भेजकर चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों का समर्थन करने की अपील की है। नाजिया ने पत्र में दिल्लीवासियों के हित और भाजपा को सत्ता से दूर रखने की जरूरत पर बल दिया है। हालांकि, विधानसभा चुनाव के समय से कांग्रेस और आप रिश्तों में तनाव है। इसके बावजूद कांग्रेस ने इस मौके पर राजनीतिक समझदारी दिखाते हुए आप को न्योता भेजा है।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि / संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| *09003 | मुंबई सेंट्रल-दिल्ली जं. | मंगल, शुक्र | 06.05.2025 | 09.05.25 से 27.06.25 =15 फेरे |
| *09004 | दिल्ली जं.-मुंबई सेंट्रल | बुध, शनि | 07.05.2025 | 10.05.25 से 28.06.25 =15 फेरे |
| *09425 | साबरमती बीजी-हरिद्वार | वीर, रवि | 04.05.2025 | 08.05.25 से 29.06.25 =16 फेरे |
| *09426 | हरिद्वार-साबरमती बीजी | शुक्र, सोम | 05.05.2025 | 09.05.25 से 30.06.25 =16 फेरे |
| 03311 | धनबाद-चंडीगढ़ | मंगल, शुक्र | 22.04.2025 | 25.04.25 से 27.06.25 =19 फेरे |
| 03312 | चंडीगढ़-धनबाद | वीर, रवि | 24.04.2025 | 27.04.25 से 29.06.25 =19 फेरे |

*रेलगाड़ी सं. **09003 मुंबई सेंट्रल** से दिनांक **09.05.2025** और **09004 दिल्ली जं. से** दिनांक **10.05.2025** का परिवर्तित समय निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी सं. 09003 मुंबई सेंट्रल-दिल्ली जं. | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09004 दिल्ली जं.-मुंबई सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 03:40 | 03:50 | जयपुर | 18:20 | 18:30 |
| 04:01 | 04:04 | गांधी नगर जयपुर | 17:45 | 17:48 |

*रेलगाड़ी सं. **09425 साबरमती बीजी** से दिनांक **08.05.2025** और **09426 हरिद्वार से** दिनांक **09.05.2025** का परिवर्तित समय निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी सं. 09425 साबरमती बीजी-हरिद्वार | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09426 हरिद्वार-साबरमती बीजी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 03:40 | 03:50 | जयपुर | 11:00 | 11:10 |
| 04:01 | 04:04 | गांधी नगर जयपुर | 10:30 | 10:35 |

**नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।**

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

1224/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


# ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से पचास लाख रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त की है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त (एएनटीएफ) अपूर्व गुप्ता ने बताया कि ४ अप्रैल को इमरान उर्फ चड्डी उर्फ मोटा की गिरफ्तारी के बाद जांच शुरू हुई थी।इमरान को दिल्ली के कबीर नगर से हुंडई वेन्यू कार से ३१५ ग्राम हेरोइन पहुंचाने की कोशिश करते समय पकड़ा गया। इसके बाद एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। बाद में पूछताछ के दौरान, इमरान ने बताया कि जब्त किया गया मादक पदार्थ सूरज उर्फ राजा उर्फ ठाकुर (४०) से प्राप्त किया गया था। इस सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार के नेतृत्व में एएसआई नीरज, हेड कांस्टेबल दीपक, सम्राट और कांस्टेबल विक्रांत की एएनटीएफ टीम ने २१.अप्रैल को पुस्ता रोड पर शास्त्री पार्क फ्लाईओवर के पास से वांछित आरोपी, सूरज उर्फ घ्घ्राजा उर्फ घ्घ्आशीष उर्फ ठाकुर को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह ९७ ग्राम हेरोइन पहुंचाने का प्रयास कर रहा था।पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज उर्फ राजा उर्फ आशीष उर्फ ठाकुर वर्तमान में बेरोजगार है।

# हवा की रफ्तार का पता लगाकर रखा जाएगा मेट्रो को सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान आने पर मेट्रो में बैठे यात्री सुरक्षित रहें, इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बड़ा कदम उठाया है।

हवा की रफ्तार का पता लगाकर मेट्रो को सुरक्षित रखा जाएगा। डीएमआरसी की ओर से अलग-अलग जगह छह सेंसर लगाए गए हैं। इनकी मदद से हवा की गति का पता चलेगा। सेंसर ऊंचे स्थानों लगाए गए हैं। इससे न केवल समय रहते हवा की गति का पता चलेगा, बल्कि ट्रेनों के संचालन के दौरान सावधानी भी बरती जा सकेगी। डीएमआरसी ने तेज हवा और तूफान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और मेट्रो सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि इन सुरक्षा उपाय में सबसे महत्वपूर्ण सेंसर भी हैं।

इनकी मदद से जब हवा की गति ७० से ९० किमी प्रति घंटा के बीच होती है, तो ट्रेनों को ऊंचे या ग्रेड-स्तरीय खंडों पर प्लेटफॉर्म क्षेत्रों में ४० किमी प्रति घंटा से अधिक की गति से नहीं चलने का निर्देश दिया जाता है। वहीं, यदि हवा की गति ९० किमी प्रति घंटा से अधिक हो जाती है, तो प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेनों को ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) से अगले निर्देश मिलने तक रुकने का आदेश दिया जाता है। चलती हुई ट्रेनें १५ किमी प्रति घंटा की सीमित गति से अगले स्टेशन तक पहुंचती हैं और स्थिति स्थिर होने तक रुकती हैं। प्रोटोकॉल के अनुसार, अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) मोड में चलने वाली ट्रेनों को तुरंत मैनुअल मोड में बदला जाता है और उपरोक्त सावधानियों के अनुसार संचालित किया जाता है। त्वरित कार्रवाई होती है : सेंसर से प्राप्त अलर्ट सीधे ओसीसी को भेजे जाते हैं, जिसके बाद ट्रैफिक कंट्रोलर, स्टेशन कंट्रोलर व इलेक्ट्रिकल, सिविल, ट्रैक सिग्नलिंग विभागों की तकनीकी टीमें त्वरित समन्वय करती हैं।

# फॉर्म हाउस में केयरटेकर से बलात्कार, आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में एक फॉर्महाउस में महिला केयरटेकर के साथ पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने बंधक बनाकर बलात्कार किया। शर्मनाक बात यह रही कि वारदात से पहले आरोपी ने महिला की बेटी के हाथ पैर बांध दिये थे। उसके सामने ही उसकी मां के साथ बलात्कार किया। पीडिघ्त महिला को केस वापिस लेने के लिये कई बार धमकी भी मिली थी।

पुलिस ने पीडिघ्ता के बयान पर मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में फॉर्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अलीपुर पुलिस को बीते सोमवार रात को एक पीसीआर कॉल मिली थी। ३७ साल की महिला कॉलर ने बताया कि उसको और उसकी बेटी को बंधक बनाकर आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया है। पुलिस मौके पर पहुंची। महिला का मेडिकल करवाया, जिसमें बलात्कार होने की पुष्टि की। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पड़ोस में ही रहता है। वह फॉर्म हाउस की दीवार फांदकर आया था। उसने पहचान छुपाने के लिये कपड़े से चेहरे को ढक रखा था। पुलिस ने आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। पीडिघ्त महिला ने बताया कि वह मूलरूप से बिहार की रहने वाली है। पति कुछ समय पहले ही किसी काम से गांव बिहार गए हैं। उनके एक आठ साल का बेटा व नाबालिग बेटी है। बेटा गांव में ही है।

वारदात की रात को वह फॉर्म हाउस में अपनी बेटी के साथ सो रही थी। आरोपी दीवार फांदकर आया और पहले बेटी के हाथ पैर बांध दिये। बाद में आरोपी आया और बंधक बनाकर बलात्कार किया। जब उसने किसी तरह से उसके चेहरे से कपड़ा हटाया। आरोपी ने उसकी छाती पर काफी जोर से वार किया। वह उसी वक्त फरार हो गया था। बेटी ने किसी तरह से अपने हाथ पैर खोलकर उसके पास आई। जिसके बाद पड़ोस में ही सो रहे युवक को वारदात की जानकारी दी।

## शालीमार बाग में जुआ घर सील, तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** एजी ब्लॉक, शालीमार बाग स्थित फ्लैट में आईपीएल पर जुआ खिलवाने वाले तीन सटोरियों को उत्तर-पश्चिम जिले की एएटीएस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ०२ लैपटॉप, ०१ एलईडी, ०४ नोटपैड, ०२ रजिस्टर, ०३ मोबाइल चार्जर, ०१ लैपटॉप चार्जर, एक कैश काउंटिंग मशीन, एक स्वैप मशीन यस बैंक, ६७०० रुपये नकद और ०७ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान राकेश कुमार, राजेन्द्र अरोड़ा और सुरेन्द्र कुमार मित्तल के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम को एजी ब्लॉक शालीमार बाग स्थित फ्लैट में आईपीएल पर जुआ खिलवाने की जानकारी मिली थी। इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# बंद पड़ी डीटीसी बसों को फूड किओस्क में परिवर्तित किया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली हीट एक्शन प्लान '२०२५' के तहत पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था से संबंधित भिन्न पहलों की गहन समीक्षा की। इस योजना के माध्यम से यात्रियों को बढ़ती गर्मी से राहत देने के लिए कई प्रभावी और जनहितकारी कदम उठाए जा रहे हैं।

इस दौरान परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, "इस योजना की एक प्रमुख पहल बस क्यू शेल्टर्स पर 'जल दूतों' की तैनाती है। ये प्रशिक्षित कर्मी यात्रियों को ठंडा और शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराएंगे, जिससे गर्मी के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। गर्मी के इस मौसम में यात्रियों को पीने का पानी प्रदान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, और 'जल दूत' इस कार्य में अहम भूमिका निभाएंगे।"

इस बैठक के दौरान परिवहन विभाग, दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड (क्ष्डैं) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।गर्मी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए, डीटीसी सभी डिपो और टर्मिनलों पर डिजिटल वॉटर कूलर



लगाएगा। पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तहत १० प्रमुख डिपो को चुना गया है। इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, "गर्मियों में शुद्ध और ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराना एक बुनियादी आवश्यकता है। डिपो में वाटर कूलर स्थापित करना हमारे कर्मचारियों और यात्रियों के लिए बढ़ती गर्मी में एक आवश्यक कदम है। यह पहल हमारे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को और अधिक संवेदनशील और उत्तरदायी बनाने के साथ-साथ जनसेवा के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।"क्मसीप भ्मंज ।बजपवद च्संद २०२५ के तहत, डीटीसी द्वारा बस स्टॉप्स पर हीटवेव से बचाव की जानकारी देने वाले पोस्टर और पम्पलेट लगाए जाएंगे व बांटे जाएंगे। इसके अलावा, बस स्टॉप्स पर छांव, पीने का पानी और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। माननीय मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में बीमार पड़ने वाले लोगों के इलाज के लिए सभी दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य टीमों की तैनाती की जाएगी।इसके साथ ही, एक अनोखी और सतत पहल के तहत, बंद पड़ी डीटीसी बसों को फूड किओस्क में बदला जाएगा। यह किओस्क शुरुआत में तीन प्रमुख टर्मिनलों ख्र आनंद विहार आईएसबीटी, सराय काले खां आईएसबीटी और कश्मीरी गेट आईएसबीटी ख्र पर स्थापित किए जाएंगे, जहां यात्रियों को पीने का पानी, साफ-सफाई और हाइजीन जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस बैठक में दिल्ली के अंतरराज्यीय बस टर्मिनलों के आधुनिकीकरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई। आनंद विहार और सराय काले खां टर्मिनलों को अत्याधुनिक मल्टी-मोडल ट्रांजिट हब में बदला जाएगा, जिससे बस, मेट्रो, रेलवे और इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सकेगी।

## एक नजर

### आतिशी मार्लेना का किराड़ी विधानसभा में विकास का दावा झूठा: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व मुख्य मंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा किराड़ी विधानसभा में जा कर वहां विकास का दावा करने की कड़ी निंदा की है और कहा है की उनका यह दावा झूठा एवं शर्मनाक है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की किराड़ी वो विधानसभा है जहां गत १० साल का अनुभव बताता है की साल मे ९ माह बरसात हो ना हो सड़कों पर तलाब बने रहते हैं।

दस साल की अरविंद केजरीवाल सरकार की उपेक्षा का परिणाम है की दिल्ली की सबसे बड़ी विधानसभा में से एक किराड़ी ना कोई अच्छा स्कूल है, ना कालेज ना अस्पताल है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली में ओखला, बल्लीमारान, सीलमपुरा की ही तरह किराड़ी में ष्आपष को पुन: मिली जीत विकास कार्य की नही जात एवं धर्म के समीकरण के बल पर मिली जीत है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आतिशी मार्लेना जवाब दें की यदि उनके दस साल के विधायक रितुराज गोविंद ने किराड़ी में विकास करवाया था तो ष्आपष को उन्हे हटाना क्यों पड़ा।

### यशोभूमि में उत्साहपूर्वक रहा मिलिपोल इंडिया का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** मिलिपोल इंडिया 2025 के दूसरे संस्करण का दूसरा दिन राजधानी दिल्ली के यशोभूमि में उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन, भारत और फ्रांस के गृह मंत्रालयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है, जो आंतरिक सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से समर्पित है। इस कार्यक्रम में वैश्विक सुरक्षा विशेषज्ञ, रक्षा संगठनों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन फ्रांसीसी गृह मंत्री फ्रांस्वा-नोएल बुफे ने किया। उनके साथ भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू और ळप्ळछ (फ्रेंच नेशनल जेंडरमेरी इंटरवेंशन ग्रुप) के ऑपरेशंस चीफ ऑफ स्टाफ कर्नल यानिक विडाल भी उपस्थित रहे। भारत की ओर से गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने मुख्य भाषण दिया। सिक्योरिटी डिफेंस सिस्टम द्वारा विकसित रोवर मार्क-१, पूरी तरह से मेक इन इंडिया उत्पाद है। यह संदिग्ध वस्तुओं को सुरक्षित रूप से संभालने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसकी भार क्षमता १० किग्रा है और चार कैमरों से लैस है। यह २०० मीटर तक बिना दृश्यता और १ किमी तक सीधी दृश्यता में नियंत्रित किया जा सकता है, तथा इसका वजन ८४ किग्रा है।

### बुजुर्गों को गर्मी से न हो परेशानी, अधिकारी करें सुनिश्चित: रविन्द्र इन्द्राज सिंह

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने ओल्ड एज होम में मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समाज कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए की ओल्ड एज होम में बुजुर्गों को गर्मियों से परेशानी न हो, इसके लिए तत्काल संसाधन उपलब्ध कराएं और ओल्ड एज होम में अन्य सुविधाएँ भी बढ़ाई जाएं।

समाज कल्याण मंत्री ने विभाग के बिंदापुर, वजीरपुर, ताहिरपुर और कान्ति नगर स्थित ओल्ड एज होम में सुविधाओं को लेकर समीक्षा की। श्री रविन्द्र इन्द्राज ने निर्देश दिए की बुजुर्गों की संख्या के आधार पर ओल्ड एज होम में पर्याप्त कूलर और पंखे हों। साथ ही ओल्ड एज होम के रिक्रिएशन हॉल में एसी की सुविधा भी हो। बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं और हाइजीन की भी पर्याप्त व्यवस्था हो। रिक्रिएशन हॉल में समय बिताने के लिए न्यूज पेपर, मैगजीन की उपलब्धता हो और टेलीविजन भी अच्छी स्थिति में हों। जिम्मेदार स्टाफ हो और बुजुर्गों की सेवा में कोई कोताही ना हो। समाज कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए की सीसीटीवी कैमेरे का शेष कार्य सभी होम्स में पूरा करें, ओल्ड एज होम में उपलब्ध सुविधाओं में आवश्यक मेंटेनेन्स और इलेक्ट्रिकल वर्क जल्द पूरे हों। संसाधनों के रिपेयर और रिप्लेसमेन्ट की कमी से बुजुर्गों को कोई परेशानी ना हो, यह कार्य तत्काल पूरे हों। अधिकारी सुविधाओं को लेकर बुजुर्गों से लगातार फीडबैक लें। समाज कल्याण मंत्री ने लंबे समय से फायर एनओसी न मिलने से बंद पड़े डॉ. बी. आर. आंबेडकर सीनियर सिटिजन होम, कान्ति नगर में आवश्यक निर्माण कार्य पूरा कर इसे शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए पीडब्ल्यूडी के साथ समन्वय बनाकर वाटर टैंक का काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।

### पचास लाख रुपये की ड्रग्स के साथ सप्लायर पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक बड़े ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के मुख्य आरोपी सूरज उर्फ राजा उर्फ आशीष उर्फ ठाकुर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से करीब पचास लाख रुपये की हेरोइन जब्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी सूरज उर्फ राजा उर्फ आशीष उर्फ ठाकुर को पुस्ता रोड पर शास्त्री पार्क फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। उसकी बाइक से ९७ ग्राम हेरोइन जब्त की। वह पहले भी पांच वारदातों में शामिल रहा है।

### ट्विन टावर की तर्ज पर गिराया जाएगा सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** डीडीए ने मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट को दिल्ली विकास प्राधिकरण खतरनाक घोषित कर दिया है और इसे सुपरटेक ट्विन टावर की तर्ज पर गिराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उसने निवासियों को अपने फ्लैट जल्द से जल्द खाली करने का निर्देश दिया है। फ्लैट खाली करने की अंतिम तारीख २३ मार्च, २०२५ थी। डीडीए ने १५ अप्रैल को जारी अपने नोटिस में बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, सभी निवासियों को २३ दिसंबर, २०२४ से २३ मार्च, २०२५ के बीच फ्लैट खाली कर देना था। अब यह समयसीमा समाप्त हो गई है।



आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता करते दिल्ली की पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और पार्षद अंकुश नारंग।

# एमसीडी मेयर चुनाव का बहिष्कार करेगी आम आदमी पार्टी: डॉ. शैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव का पूरी तरह से वहिष्कार करने का एलान किया है। 'आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर दिल्ली की पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और पार्षद अंकुश नारंग ने यह बातें कहीं।

डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि शुक्रवार को एमसीडी मेयर का चुनाव होने जा रहा है। आम आदमी पार्टी शुक्रवार को होने वाले मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव का पूरी तरह से वहिष्कार करेगी। इस बार ''आप'' मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में भाग नहीं लेगी। अब दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है। केंद्र व राज्य के अलावा अब एमसीडी में भी भाजपा का बहुमत है। हमें उम्मीद है कि भाजपा जनता से किए अपने सारे वादों को पूरा करेगी और कोई भी बहाना नहीं बनाएगी। आम आदमी पार्टी विपक्ष की भूमिका बड़ी रचनात्मक तरीके से निभाएगी और भाजपा को उसकी जवाबदेही तय करेगी। एमसीडी के अधिकारियों पर भाजपा और एलजी साहब का है। अब भाजपा पूरी तरह से दिल्ली को संभाले। हम देखना चाहेंगे कि भाजपा दिल्ली की जनता के काम कितने अच्छे तरीके से करेगी और किस प्रकार अपने सारे वादे को पूरा करेगी।

नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि हमारी पार्टी ने महापौर और उपमहापौर के चुनाव में उम्मीदवार खड़ा नहीं करने का निर्णय लिया है। इसलिए आम आदमी पार्टी शुक्रवार को मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। हम मेयर चुनाव का बहिष्कार करेंगे। भाजपा को अब सत्ता मिलने जा रही है। उनका महापौर बनने जा रहा है। दिल्ली की जनता से भाजपा ने जो वादे किए थे और जो प्रस्ताव हाउस से पास हुए हैं, उनकी जिम्मेदारी अब भाजपा की है कि वे उसे लागू करवाएं। नहीं तो दिल्ली की जनता के सामने भाजपा एक्सपोज हो जाएगी। भाजपा के लोग कहते कुछ और करते कुछ हैं। इस दौरान पार्षद अंकुश नारंग ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एमसीडी की ''आप'' सरकार ने ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। इसमें हाउस टैक्स का सबसे बड़ा फैसला था।

# नेता प्रतिपक्ष ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने अमन विहार किराड़ी में सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। आप" की वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने अमन विहार वार्ड-४१ में सामुदायिक भवन/ बारात घर का शिलान्यास कर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि, ष्एक बारात घर कहने को तो सिर्फ एक बिल्डिंग या ईंट-पत्थर का ढांचा होता है, लेकिन यह एक समाज का दिल होता है, जहां पूरा समाज और आसपास के परिवार एकत्रित होते हैं।ष



आतिशी ने कहा कि, ष्किराड़ी एक ऐसा इलाका है, जहां पूर्वांचल, यूपी, बिहार से आए हमारे प्रवासी भाई-बहन रहते हैं। १० साल पहले किराड़ी का क्या हाल था, आप याद करिए। ये कच्ची कॉलोनियां थीं। नेता यहां वोट मांगने आते थे, लेकिन सरकार बनने के बाद कहते थे कि ये कच्ची या अनधिकृत कॉलोनी है, यहां सरकार का पैसा कैसे लगेगा? लेकिन आपने अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया। उस अरविंद केजरीवाल को जिन्होंने कहा कि कच्ची कॉलोनी में रहने वाली हर माता, बहन और भाई को सम्मानजनक जिंदगी देंगे। यह आपकी वोट की ताकत थी।ष्आतिशी ने सभी का धन्यवाद करते हुए आगे कहा कि फरवरी २०२५ के चुनाव में भी आपने "आप" पर भरोसा दिखाया। कहीं न कहीं, जिन्होंने "आप' को वोट दिया, जिन्होंने झाड़ू पर बटन दबाया, उनके मन में चुनाव के बाद एक शंका थी कि अब "आप' विपक्ष में है, तो क्या हमारे इलाके में काम होंगे, क्या हमारी समस्याओं का समाधान होगा, क्या यहां नए विकास कार्य शुरू होंगे? लेकिन आज यहां दो करोड़ की लागत से शुरू हो रहे इस बारात घर के काम से आपकी सारी शंकाएं दूर हो जानी चाहिए। जब-जब आप "आप" के प्रतिनिधियों को चुनकर भेजेंगे, वे आपके इलाके के लिए काम करेंगे।

चाहे हम सरकार में हों या विपक्ष में, जब हम सरकार में थे, तब भी दिल्ली के लोगों के लिए लड़-लड़कर काम करवाते थे और आज विपक्ष में होने के बावजूद आपके लिए लड़-लड़कर काम करवाएंगे। आपका भरोसा हम कभी टूटने नहीं देंगे।ष्किराड़ी के इलाके का विकास करवाना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले १० साल में जितना काम हुआ है, उससे ज्यादा काम हम अगले पांच साल में करके दिखाएंगे यह मेरा आप सबको भरोसा है।

# पुलिस ने किया सेना के ड्राइवरों के लिए जागरूकता सत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत टीपीटी धौला कुआं में ८० सेना के ड्राइवरों और ४ अधिकारियों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं के बारे में जागरूक किया गया।

इस सत्र का उद्देश्य दिल्ली यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सभी यात्रियों के लिए एक सुरक्षित, अधिक कुशल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार सड़क उपयोग की संस्कृति बनाने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान विशेष पुलिस आयुक्त यातायात अजय चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय यातायात सत्यवीर कटारा और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय यातायात शशांक जायसवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने जागरूकता फैलाने में सड़क सुरक्षा सेल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सुरक्षित सड़क आदतों को बढ़ावा देने और यातायात नियमों के बेहतर अनुपालन को सुनिश्चित करने में ऐसी पहलों के महत्व पर जोर दिया, खासकर सार्वजनिक परिवहन कर्मियों के बीच।

## नशे में किया दावा पहलगाम हमले की पहले से जानकारी थी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जम्मू के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उसे पहलगाम हमले की पहले से जानकारी थी। लेकिन दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो हैरान करने वाली बात सामने आई।

दरअसल, दिल्ली पुलिस को कल यानी बुधवार देर रात एक कॉल आया, जिसमें शकरपुर निवासी टेंपो चालक सुबोध ने दावा किया कि उसे पहलगाम आतंकी हमले के बारे में पहले से जानकारी थी। उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर पता चला कि उसने शराब के नशे में फोन किया था। दिल्ली पुलिस के अनुसार, कई एजेंसियों द्वारा उस व्यक्ति से पूछताछ करने के बाद उसका दावा निराधार पाया गया।

पुलिस को कॉल करने वाला व्यक्ति सुबोध त्यागी पुत्र बीडी त्यागी निवासी डी-५६, द्वितीय तल, शकरपुर दिल्ली है। उसकी उम्र ५१ वर्ष है और वह शराब के नशे में था। सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार, फर्जी कॉल करने वाला टेंपो चालक शराब के नशे में था।

# बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस', निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। युगदृष्टा बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य बोध के माध्यम से समाज को अंधविश्वासों और कुरीतियों से मुक्त कर, नशा मुक्ति, सादा विवाह और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जोड़ने जैसे लोक-कल्याणकारी अभियानों की प्रेरक शुरुआत की। उनके पावन मार्गदर्शन को आगे बढ़ाते हुए बाबा हरदेव सिंह जी ने "रक्त नाड़ियों में बहे,



नालियों में नहीं" का अमर संदेश देकर रक्तदान को मिशन की आध्यात्मिक सेवा का अभिन्न अंग बना दिया। संत निरंकारी हेल्थ सिटी की मेडिकल डाइरेक्टर गीतिका दुग्गल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में आयोजित रक्तदान श्रृंखला में लगभग 30,000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिनमें से केवल दिल्ली शिविर में ही लगभग 1,000 यूनिट रक्तदान हुआ।

## लिवर संबंधी बीमारियों को लेकर जन-जागरुकता अभियान शुरू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से बढ़ रही लिवर संबंधी बीमारियों के मद्देनजर, अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने विश्व लिवर दिवस के उपलक्ष्य में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान और लिवर हेल्थ कैंप शुरू किया है। इस वर्ष की वैश्विक थीम "भोजन ही है औषधि" के अंतर्गत यह पहल लोगों को लिवर रोगों के खतरों के प्रति सचेत करने और समय पर विशेषज्ञ परामर्श एवं जांच की सुविधा सुलभ कराने का उद्देश्य रखती है। डॉ. शालीन अग्रवाल, प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं प्रमुख, लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जरी विभाग, अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने कहा हमारे लिवर हेल्थ कैंप को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। अभी तक फरीदाबाद, पलवल, बल्लभगढ़, दक्षिणी दिल्ली, गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों से 150 से अधिक लोग लिवर की जांच और परामर्श के लिए हमारे पास आ चुके हैं। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि लोग केवल तब नहीं आ रहे जब लक्षण उभरते हैं, बल्कि वे पहले से ही सजग होकर परामर्श ले रहे हैं, जांच करवा रहे हैं और हमारे विशेषज्ञों से लिवर-फ्रेंडली जीवनशैली के लिए सलाह ले रहे हैं। इनमें से कई मरीज फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और शराब से संबंधित लिवर रोगों से पीड़ित हैं-जो आज के समय में एक मूक महामारी का रूप ले चुके हैं।

## फिटजी कोचिंग के खिलाफ बड़ा एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में फिटजी कोचिंग के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम गुरुवार को फिटजी के १० ठिकानों पर छापामारी कर रही है। ईडी की यह कार्रवाई फिटजी के दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में चल रही है।

फिटजी के सैकड़ों कोचिंग सेंटर बंद होने से हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और फिटजी के मालिकों को करीब १२ करोड़ का फायदा होने का आरोप है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर ईडी की छापामारी जारी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अचानक फिटजी के कई कोचिंग सेंटर बंद हो गए थे। जिसे लेकर कई जगहों पर कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फेलिक्स हॉस्पिटल्स व आँखों के अस्पताल सेंटर फॉर साईट के तत्वावधान में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन पूर्वी दिल्ली स्थित ए- 41 प्रियदर्शनी विहार इलाके में किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।


शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, बीएमडी तथा ब्लड ग्रुप जैसी आवश्यक जाँचें नि:शुल्क की गईं। साथ ही, जनरल फिजीशियन, नेत्र विशेषज्ञ एवं अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को चिकित्सा और परामर्श प्रदान किया गया तथा फेलिक्स हॉस्पिटल से डॉक्टर तरुण व डॉक्टर शहजाद तथा स्मिर्क डेंटल से डॉक्टर कपिल गुप्ता, डॉक्टर शुभांगी, डॉक्टर




उर्वशी चौहान ने रोगियों को अपनी सेवाएं प्रदान कीं और ज्योतिष आचार्य महेश जैन ने एक्यूप्रेशर थेरेपी द्वारा सर्वाइकल व जोड़ों के दर्द से पीड़ित रोगियों को उपचार दिया। इस मौके पर मौहम्मद इल्यास, शमीम खघन, मौहम्मद आलम, एडवोकेट प्रदीप महाजन, सीनियर जर्नलिस्ट सैय्यद वाजिद अली, डॉक्टर हसीबुर्रहमान, राजीव शर्मा, सुरेंद्र नागपाल, सुनील कुमार तोमर, अशोक गुलाबानी, संजय सिन्हा, तरनदीप सिंह, अहसान जैदी, मणि कौशिक आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयाज परफ्यूम्स की ओर से उपस्थित चिकित्सकों तथा विशिष्ट अतिथियों को सम्मानस्वरूप उपहार भेंट किए गए।

कार्यक्रम की सफलता में सोशल सीनियर जर्नलिस्ट दीपक कपूर, पूर्व बैंकर एवं सामाजिक प्रेरक केनाथ चंद्रशेखर मेनन, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर मुश्ताक अंसारी, पुलिस पब्लिक डिस्पेंसरी के इंचार्ज करण सिंह मेहरा, आखों के हॉस्पिटल सेंटर फॉर साईट के हैड कॉर्डिनेटर गुलशन कुमार व मौहम्मद यूसुफ, प्रीति कपूर, डॉक्टर बिलाल अंसारी, नरेंद्र सिंह, जैनब अंसारी, शहनाज अख्तर, अर्शी खघन आदि का विशेष योगदान रहा।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नोएडा के फिटजी में ईडी की रेड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनि लॉड्रिंग के मामले में फिटजी कोचिंग संस्थान के खिलाफ नोएडा समेत कई स्थानों पर छापेमारी की है। हाल ही में संस्थान द्वारा अपने कोचिंग सेंटर अचानक बंद किए जाने से लगभग 12,000 छात्र प्रभावित हुए हैं।ईडी का ये सर्व संस्थान, इसके प्रमोटर डी.के. गोयल और अन्य संबंधित व्यक्तियों से जुड़े दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम स्थित कुल आठ ठिकानों पर है।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ये सर्च की जा रही है। इनके खिलाफ नोएडा, मेरठ के अलावा कई अन्य शहरों में मुक. दमा दर्ज किया गया था। दरअसल, जनवरी 2025 में अचानक फिटजी के कई सेंटर बिना किसी सूचना के बंद हो गए थे। ईडी के मुताबिक पैरेंट्स ने पूरे साल के लिए एडवांस पेमेंट किया था। लेकिन फिटजी वालों ने उन्हें सेंटर बंद होने की जानकारी नहीं दी। इससे 12 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया। ईडी के अनुसार कोचिंग सेंटर से लिए गए पैसे को गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया।




अब ईडी इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। ताकि पता चल सके कि पैसे का गलत इस्तेमाल कैसे और क्यों किया गया। ये पैसा डायवर्ट किया गया।साथ ही कही और प्रोजेक्ट में लगाया गया। हवाला के एंगल से भी ईडी मामले की जांच कर रही है। इस दौरान ईडी को अहम दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज मिले है। जिनको जब्त किया गया है।

**5 से 6 लाख तक वसूली फीस:** बता दें कि फिटजी के अचानक बंद होने पर पैरेंट्स ने गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि संस्थान ने पहले 5-6 लाख रुपए फीस वसूली और फिर अचानक कोचिंग बंद कर दी। रातों-रात टीचर्स ने इस्तीफा दे दिया और छात्रों की पढ़ाई अधर में लटक गई।प्रोटेस्ट कर रहे अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि अब उसी सेंटर को एक फ्रेंचाइजी के जरिए फिर से शुरू किया गया है, जिसे लेकर अभिभावकों में भारी नाराजगी थी।

## महिला की मौत के मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** कार की टक्कर से एक माह पहले पैदल जा रही महिला की मौत हो गई थी। महिला के बेटे ने गांव से वापस लौटने के बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से महोबा की रहने वाली महिला प्रेमरानी नवादा गांव में बेटे के साथ रहती थी। वह सेक्टर अल्फा-2 स्थित सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती थी। नवादा गोल चक्कर के समीप 25 मार्च को कार ने प्रेमरानी को कुचल दिया था। हादसे में उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद महिला के परिजन शव लेकर अपने गांव चले गए थे। अब गांव से वापस लौटने पर महिला के बेटे सरीफ ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# व्यापारिक समस्याओं के समाधान को लेकर जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जनपद में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करना तथा व्यापारियों को आ रही समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना था।

इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने की। बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अतिक्रमण, यातायात जाम, पार्किंग की समस्या, सड़कों की जर्जर स्थिति एवं जीएसटी संबंधी जटिलताओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। व्यापारियों ने बताया कि इन समस्याओं के कारण व्यापार संचालन में निरंतर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।




अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने नगर पालिका दादरी को निर्देशित किया कि बाजार क्षेत्रों में प्रवर्तन अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाए। साथ ही पुलिस विभाग को यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक का संचालन उपायुक्त प्रशासन (राज्य कर) एवं समिति के सचिव द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग, प्राधिकरण, विद्युत विभाग, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यापार मंडलों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण में अब सॉफ्टवेयर के जरिए होगी परियोजनाओं की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जल्द ही एक सॉफ्टवेयर की मदद से विकास अपनी परियोजनाओं पर नजर रखेगा। इससे परियोजनाओं को और बेहतर ढंग से तथा तय समय में पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही परियोजनाओं को पूरा करने में जानबूझकर देनी करने वालों अफसरों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय हो सकेगी

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बृहस्पतिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने की। इस बैठक में परियोजना प्रबंधन एवं निगरानी से संबंधित एक आधुनिक सॉफ्टवेयर का प्रस्तुतिकरण निटकॉन कंपनी द्वारा किया गया। यह सॉफ्टवेयर प्राधिकरण की वर्तमान परियोजनाओं, लंबित फाइलों तथा विलंबित कार्यों की प्रभावी निगरानी में सहायक सिद्ध होगा।

इसके माध्यम से यह स्पष्ट रूप से पता लगाया जा सकेगा कि कौन-कौन से कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण नहीं हो पाए हैं, जिससे समयबद्ध कार्रवाई कर कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराया जा सकेगा। सॉफ्टवेयर यह भी सुनिश्चित करेगा कि कार्य निष्पादन निविदा की शर्तों के अनुरूप हो रहा है या नहीं। इस प्लेटफॉर्म पर संबंधित परियोजनाओं की अपडेट फोटो अपलोड की जा सकेंगी, जिससे कार्य की प्रगति का वास्तविक समय में आकलन संभव हो सकेगा। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सलाहकार पीपी सिंह, कंसल्टेंट कंपनी केपीएमजी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# पुतला फूंक पहलगांव हत्याकांड पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 36 के निवासियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात पूरे सेक्टर में पैदल मार्च करके पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे बुलंद करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। सुनील प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार को कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू कर बालाकोट जैसा सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए जिससे कश्मीर घाटी में अमन चैन और शांति बहाल हो सके। हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इस हृदय विदारक घटना में मारे गए निर्दोष लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।



पाकिस्तान की बहुत बड़ी कायरता कि हिंदुस्तानी भाइयों को धर्म पूछ पूछ कर गोली मारी गई हम इसका विरोध करते हैं। इस अवसर पर बलराज हूड़ ज्ञानवीर पहलवान राजू पंडित सुनील प्रधान डॉ अजय भाटी गौतम नागर सुजीत तिवारी मोहित भाटी एसपी यादव मास्टर संगीत संजीव पाठक अनुज उपाध्याय विपिन भाटी राजू सोलंकी सचिन भाटी विपिन जी देवेन्द्र पंडित अशोक शर्मा चंद्रपाल बंसल पप्पी बसोया विनोद जी सुदर्शन तोंगड गौरव नागर सचिन नागर अरविंद सिंह महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

## एक नजर

### पानी के पंप का खुला रहता है प्रवेश द्वार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-71 के प्ले ग्राउंड के साथ बनी ग्रीन बेल्ट में पानी का पंप भी बना हुआ है। इस पंप परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार खुला रहता है। इस वजह से ग्रीन बेल्ट में अवांछित गतिविधि होने का खतरा बना रहता हैं। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुनील वाधवा ने बताया कि पंप का काफी दिनों से प्रवेश द्वार खुला हुआ है। यहां पर कोई रहता भी नहीं है। यहां से अब आने और जाने का अवैध रास्ता भी बन गया है। ग्रीन बेल्ट से असामाजिक तत्व आ रहे हैं। इससे सेक्टर में चोरी और लूट की वारदातों का खतरा बना हुआ है। प्राधिकरण के संबंधित विभाग से मांग है कि पानी के पंप परिसर का प्रवेश द्वार तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

### ग्रह विज्ञान में नवीनतम प्रगति पर कार्यशाला का आयोजन

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर - 125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में गुरुवार को एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ एप्लाइड साइंसेस द्वारा वायुमंडलीय और ग्रह विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें तकनीकी सत्र के अंर्तगत विशेषज्ञों ने मंगल की सीमा परत में परिवर्तन, सौर मंडल की बुनियादी बातें और आंतरिक सौर मंडल का भविष्य अन्वेषण और अंतरिक्ष मौसम की भविष्यवाणी पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र और एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला द्वारा किया गया।

### मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर 44 स्थित महामाया बालिका इंटर कॉलेज में गुरुवार को मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-25 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया किया गया। जिसमें विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डॉ छाया जैन ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा, आपकी मेहनत और लगन ही आपको इस ऊंचाई तक लेकर आई है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय की छात्राएँ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। सम्मानित छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता और विद्यालय के सकारात्मक वातावरण को दिया। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत कर ऊँचाइयों को छूने का संकल्प लिया।

### नोएडा में विश्व हिंदू परिषद ने निकाली रोष यात्रा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** पहलगाम में अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 27 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। उसके विरोध में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद ने रोष यात्रा निकाली। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया। इस मौके पर हाथों में भगवा लिए लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही सरकार से मांग की कि जल्द ही आतंकियों का सफाया किया जाए। साथ ही पाकिस्तान आतंक को पनाह देने वाले देश को सबक सिखाया जाए।
रोष यात्रा नोएडा के सेक्टर-21ए स्थित स्टेडियम से निकाली गई। यात्रा डीएम चौक तक गई। यहां पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। इस मौके पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि इस हमले के जवाब में कार्यवाही करके एक ऐसी मिशाल पेश की जाए ताकि भविष्य में कोई भी आतंकी संगठन ऐसा करने से पहले करोड़ों बार सोचे।इसके बाद वहीं पर श्रद्धांजलि सभा भी की गई। इस यात्रा में महानगर कार्यकारिणी के सभी सदस्य, प्रखंड पालक, प्रखंड-खंड कार्यकारिणी और हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे। यात्रा के दौरान भारी पुलिस बल भी उनके साथ मौजूद रहा। यात्रा को एक लेन से होकर निकाला गया। ताकि यातायात को दिक्कत न हो। यात्रा में लोगों का आक्रोश देखते बन रहा था। जमकर नारेबाजी की गई इसके बाद पुतला जलाया गया।

### किशोरी के अपहरण की आशंका

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी का परिजनों को आज तक पता नहीं चल पाया। सभी संभावित स्थान पर खोजने के बाद पिता ने थाना सेक्टर-24 में अपहरण की आशंका जताते हुए बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। सेक्टर-35 स्थित मोरना गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से संतकबीर नगर के रहने वाले हैं। पिछले कई वर्षों से यहां किराए के घर पर परिवार सहित रहते हैं। उनकी 14 वर्ष की बेटी है। उनकी बेटी 25 मार्च को घर से बिना बताए चली गई थी। देर शाम तक वापस नहीं आने पर उन्होंने किशोरी को आसपास तलाश किया था। रिश्तेदारी व जानकारों से पूछने पर किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता का कहना है कि बेटी का कहीं सुराग नहीं मिलने पर अब एक माह बाद पुलिस को शिकायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जा लिया गया है। किशोरी की तलाश में दो टीमों को लगाया है। जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# अब नोएडा में सीमा हैदर का क्या होगा?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। इसके तहत भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सार्क वीजा छूट के तहत मिले वीजा को निलंबित करने का भी निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार अब पाकिस्तानी नागरिक इस छूट के अंतर्गत भारत की यात्रा नहीं कर सकेंगे। वहीं, जो पाकिस्तानी नागरिक पहले से इस सुविधा के तहत भारत में मौजूद हैं। उन्हें एक सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया है।

वहीं, इस फैसले के बाद सीमा हैदर एक बार फिर से चर्चाओं में आ गई हैं। पाकिस्तान की सीमा हैदर मई 2023 में नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत आई थीं। भारत सरकार के इस निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के रबूपुरा में रह रहीं सीमा हैदर चर्चा में हैं। अब उनके वकील ने स्थिति को लेकर अपना रुख स्पष्ट किया है।

सीमा हैदर के वकील एपी सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की जानकारी होने पर सीमा बहुत परेशान और दुखी है, जबकि वह खुद अस्पताल में है। हम सभी इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पाकिस्तान से सनातन धर्म ग्रहण करके नेपाल पहुंची। नेपाल में सचिन मीणा के साथ शादी की और भारत में भी आकर दोनों ने पूरे रीति रिवाज के साथ शादी रचाई। शादी के बाद पिछले माह उसने एक बेटी को जन्म दिया है। भारत सरकार ने सार्क वीजा निलंबित करने का जो निर्णय लिया है वह तारीफ के काबिल है। यह आतंकवाद के खिलाफ निर्णय है। उन्होंने आगे कहा कि सीमा के सारे दस्तावेज एटीएस, गृह मंत्रालय और भारत सरकार के पास जमा हैं। राष्ट्रपति के यहां याचिका लंबित है। सीमा की जमानत के दौरान अदालत ने जो आदेश दिए थे, उनका पूरी तरह से सीमा पालन कर रही है। उन्हीं आदेशों के तहत सीमा अपनी ससुराल रबूपुरा में रह रही है। कानून में विश्वास रख रही है। पूरी तरह से उत्तर प्रदेश सरकार, भारत सरकार और अदालत के आदेशों का पालन कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमा आगे भी इसी तरह से सभी आदेशों का पालन करती रहेगी। वह स्वयं इस घटना से दुखी है और अपने बच्चों के साथ है। शरण के आधार पर है। यही हालात उसके साथ वहां थे और आज भी उसे पाकिस्तान के लोगों की ओर से धमकियां मिल रही हैं।

**पाकिस्तान से लगातार सीमा और उसके परिवार को मिल रही धमकियां: एपी सिंह:** एपी सिंह ने कहा कि आतंकवाद और षड्यंत्र में विश्वास रखने वाले पाकिस्तान के लोग स्वयं मुझे, सीमा, सचिन मीणा और उसके परिवार को मारने की लगातार धमकी दे रहे हैं। आगे भी सीमा सरकार और अदालत के आदेशों का अक्षरश: पालन करती रहेगी।

# कंपनीकर्मी पर दस करोड़ से अधिक के गबन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित कंपनी के कर्मचारी पर साथियों संग मिलकर 10 करोड़ 66 लाख से अधिक रुपये का गबन करने का आरोप है। कंपनी की वरिष्ठ प्रबंधक की शिकायत पर सेक्टर-58 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरती गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-62 एक्सेंचर सॉल्यूशंस में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। कंपनी में वरिष्ठ विश्लेषक के पद पर कार्यरत नवीन कुमार ने कुछ वेंडर्स के साथ मिलकर फर्जी बिल तैयार किए और कंपनी से करोड़ों रुपये वसूल लिए।

जांच में नवीन कुमार के साथ-साथ कर्नाटक निवासी ताताराव और इयानयतुल्ला, गुजरात के जयेश नायक और तेलंगाना के श्रीकांत के इस फर्जीवाड़े में शामिल होने की जानकारी मिली। ये सभी आरोपी कंपनी के उपभोक्ताओं के लिए बतौर वेंडर काम कर रहे थे। शिकायत के अनुसार एक्सेंचर सॉल्यूशंस कंपनी पिछले तीन दशकों से इंडस्ट्रियों को विभिन्न सेवाएं दे रही है। नवीन कुमार ने वर्ष 2022 में कंपनी में नियुक्ति प्राप्त की। नवंबर 2024 में खातों में कुछ अनियमितताओं के संकेत मिलने पर जब आंतरिक जांच शुरू हुई तो सामने आया कि अप्रैल 2022 से नवंबर 2024 के बीच फर्जी बिल तैयार कर गबन किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि नवीन कुमार ने अपनी हैसियत और पद का लाभ उठाते हुए वेंडर कंपनियों के नाम पर कुल 1389 फर्जी बिल तैयार किए। इनके माध्यम से 10 करोड़ 66 लाख रुपये संबंधित खातों में ट्रांसफर किए गए।

## कार की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर 10 दिन पहले वाहन की टक्कर लगने से पैदल जा रहे युवक की मौत हो गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला एटा के चांदपुर गांव निवासी उमेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 25 वर्षीय अरुण यादव गाजियाबाद में रहता था। वह गाड़ी चलाता था। वह 15 अप्रैल की रात 12:30 बजे सेक्टर-62 से पैदल ही गाजियाबाद की तरफ जा रहा था। सेक्टर-62 गोल चक्कर से दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क पर फुटओवर ब्रिज से लगभग 400 मीटर दिल्ली की ओर एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच शुरू की तो राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अरुण को टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी हुई।

# गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में हुई प्राक्कलन समिति की प्रथम उप समिति बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की प्राक्कलन समिति (वर्ष 2024-25) की प्रथम उप समिति की बैठक ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं मेरठ कैंट से विधायक अमित अग्रवाल ने की।

बैठक में समिति सदस्य डॉ. मंजू शिवाच, रवेंद्र पाल सिंह, शाहिद मंजूर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, डीएम मनीष कुमार वर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में परिवहन, चिकित्सा स्वास्थ्य, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, लोक निर्माण, नगर विकास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास (यूपीडा, यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा, ग्रेटर नोएडा), ग्राम्य विकास, पर्यटन, स्टांप एवं पंजीकरण, आवास एवं शहरी नियोजन, राज्य कर, समाज कल्याण एवं सिंचाई विभागों की योजनाओं और बजटीय प्रावधानों की समीक्षा की गई।



इस दौरान सभापति ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद से जो भी निजी बसें अन्य जनपदों के लिए संचालित की जा रही है, अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी का पंजीकरण वैध हैं या नहीं। जिन बसों का पंजीकरण खत्म हो गया है उनको तत्काल सीज की जाए।

उन्होंने आम जनमानस के आवागमन को सरल बनाने के लिए जनपद में सिटी बस सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

सभापति ने स्वास्थ्य विभाग को बजट के सापेक्ष कम व्यय करने पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) अतुल कुमार को निर्देशित किया कि वह प्राप्त बजट एवं व्यय रजिस्टर की समीक्षा करते हुए आगामी 15 दिनों में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जो भी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग उसमें व्यक्तिगत रुचि रखते हुए उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें, ताकि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके।

सभापति ने विद्युत विभाग को बड़े बकायेदारों की सूची तैयार करते हुए उनसे विशेष अभियान चलाकर वसूली करनेके निर्देश दिए। प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं प्राधिकरण से संबंधित है उनका संज्ञान लेते हुए तत्काल निस्तारण कराएं। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में लाखों लोगों की आबादी निवास करती है, दोनों क्षेत्रों में प्राधिकरण के अधिकारी जनता की अपेक्षा के अनुसार विकास कार्य करते हुए विकास कार्य किये जाये।

# बिना विलंब शुल्क के रजिस्ट्री कराने का और मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर परियोजनाओं में फ्लैट खरीदने वाले लोगों को तीन महीने के अंदर बिना विलंब शुल्क के रजिस्ट्री कराने का एक और मौका दिया है। बीते माह हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद कार्यालय आदेश जारी किया गया है, जो 18 अप्रैल से प्रभावी है। इसका लाभ लगभग तीन हजार खरीदारों को मिलेगा। प्राधिकरण की ओर से बिल्डर परियोजना को कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र जारी होने के छह माह के अंदर खरीदार को फ्लैट की रजिस्ट्री करानी होती है। इसके बाद प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये विलंब शुल्क वसूला जाता है। पूर्व में कुछ परियोजनाओं को कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र जारी होने के बाद भी रजिस्ट्री की अनुमति प्रदान नहीं की गई, क्योंकि बिल्डर ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया था। अब बिल्डर द्वारा बकाया भुगतान करने पर रजिस्ट्री की अनुमति प्रदान की जा रही है। इस वजह से छह माह के अंदर रजिस्ट्री न कराने वाले खरीदारों पर भारी भरकम जुर्माना लग गया है। फ्लैट खरीदारों की इस परेशानी को देखते हुए बिल्डर संगठन क्रेडाई एनसीआर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और फ्लैट खरीदारों के संगठन नेफोवा द्वारा विलंब शुल्क में छूट प्रदान करने की मांग की जा रही थी। प्राधिकरण बोर्ड ने इसे मंजूरी दे दी है। अब इससे संबंधित कार्यालय आदेश जारी किया गया है। कार्यालय आदेश के मुताबिक 18 अप्रैल से आगामी तीन माह के अंदर रजिस्ट्री कराने पर विलंब शुल्क में छूट प्रदान की जाती है।

## साफ-सफाई के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा

**ग्रेटर नोएडा।** कासना के समीप लुक्सर गांव में छह प्रतिशत किसान आबादी में लोगों की समस्याओं को लेकर करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने गुरुवार को एसडीएम राम नैन को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी और अधिकारियों की लापरवाही के कारण समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि यहां जगह-जगह से नालियां टूटी हुई है। ई ब्लॉक में कुछ पुलिया टूटी हुई है। नालियों के गंदे पानी की निकासी नहीं होने की वजह से मुख्य मार्गों पर बदबूदार जल भराव रहता है। जिस वजह से छोटे बच्चे एवं बड़े बुजुर्गों को निकालने में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। साफ-सफाई की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

# तीन दिवसीय भारत शिक्षा एक्सपो-2025 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भारत शिक्षा एक्सपो-2025 का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह द्वारा किया गया। यह भारत की प्रमुख शिक्षा-केंद्रित प्रदर्शनी है। इसका आयोजन 26 अप्रैल तक किया जायेगा। यह आयोजन इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर कि कुलपति प्रो. विमला बाई, सदस्य सचिव यूपीएसएलक्यूएसी और भारत शिक्षा एक्सपो-2025 के लिए उच्च शिक्षा विभाग यूपी के नोडल अधिकारी दिनेश शर्मा, मानद सलाहकार इनोवेशन हब एकेटीयू लखनऊ डॉक्टर



एसपी मिश्रा, प्रमुख इनोवेशन हब यूपी एकेटीयू महीप सिंह और मुख्य वित्तीय अधिकारी, आईईएमएल ग्रेटर नोएडा सचिन सिंन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रेरणा सिंह ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में 1.5 लाख से अधिक छात्र हैं और चिकित्सा, लिबरल आर्ट्स और तकनीकी संस्थानों के साथ यह शहर राष्ट्रीय और वैश्विक शिक्षा केंद्र बनता जा रहा है।

विशिष्ट अतिथि प्रो. विमला वाई ने कहा कि छोटे विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रतिस्पर्धा करने का साहसिक संकल्प दिखा रहे हैं और भारत शिक्षा एक्सपो-2025 वह मंच है जहां सही हितधारक एक साथ आकर हमारे युवाओं के भविष्य को आकार दे रहे हैं। नई विश्वविद्यालय नवाचार, कौशल और उद्यमिता में 360-डिग्री दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही हैं।

बता दें कि इस वर्ष के एक्सपो में 100घ प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जिनमें प्रमुख शैक्षणिक संस्थान, एजु-टेक कंपनियां, कौशल विकास एजेंसियां और वैश्विक अध्ययन सलाहकार शामिल हैं, जो 7,000 वर्ग मीटर में फैले हैं। इस आयोजन में शिक्षा व करियर मार्गदर्शन, लाइव डेमो, रोबोटिक्स कार्यशालाएं, ड्रोन प्रदर्शनी, क्विज और सिंगिंग प्रतियोगिताएं जैसी गतिविधियां शामिल हैं। भारत शिक्षा एक्सपो-2025 भारत के भावी नवप्रवर्तकों, तकनीकी विशेषज्ञों, चिंतकों और नेताओं को संवारने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में आकार ले रहा है।

## विधायक पंकज सिंह ने बोली बड़ी बात, खत्म हो जाएगा आतंकी राष्ट्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पंकज सिंह ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। विधायक ने कहा कि देश में लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस की नीतियों के कारण कश्मीर में आज ऐसे हालात बने हैं। अब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हालात सुधार रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा विधानसभा सीट से विधायक पंकज सिंह ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरे देश में आक्रोश है। पंकज सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि लम्बे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस की नीतियों की वजह से धरती के स्वर्ग कश्मीर में ऐसे हालात बने हैं।

ऐसे विकट समय में भी पीडित परिवारों को सांत्वना देने की बजाए आतंकियों के प्रति उनका रवैया नरम है। इसी चरित्र की वजह से कांग्रेस भारत की राजनीतिक सरंचना से बाहर है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# भाकियू लोकहित ने आतंकवाद व पाकिस्तान का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित के नेतृत्व में पहलगाम आतंकवादी हमले से आक्रोश से भरे सैकडों की संख्या में किसान मजदूर नगर पालिका चौराहे पर इकट्ठा हुए। आतंकि हमले में शहीद लोगों को श्रद्धांजलि दी और तहसील चोपाले तक पाकिस्तान की शव यात्रा निकाली और पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका।

किसान नेता राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने कहा हिंदुस्तान का हिंदू और मुसलमान पाकिस्तान और आतंकवादियों के मनसुबो को कभी भी पुरा नहीं होने देगा। पाकिस्तान चाहता है हिंदुस्तान और कश्मीर के बीच में नफ़रत की खाई गहरी हो जाए जो रिश्ता कश्मीर और हिंदुस्तान का पिछले दिनों में खूबसूरत हुआ है। पाकिस्तान को वह रिश्ता बर्दाश्त नहीं हुआ। इसिलिए धर्म और नाम पूछ-पूछ कर पर्यटको की हत्या की गई। आतंकवादीयों के इरादे हिंदुस्तान में हिंदू और मुसलमान के बीच में नफ़रत की खाई खोदना है लेकिन हिंदुस्तान में रहने वाले हिंदू और मुसलमान आतंकवादियों के मनसुबो को बहुत अच्छे से समझते हैं। आतंकवादीयों के मनसूबे हिंदुस्तान किसी भी किस्मत पर पूरा नहीं होने देगा और पहलगांव के आतंकि हमले का मुंह तोड़ जवाब देगा। भाकियू लोकहित के प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र बाना ने कहा सरकार को आतंकवादियों को कश्मीर से उठाकर दिल्ली लाल किले पर लाकर फ़ासी देनी चाहिए। जिसको सारी दुनिया याद रखे हिंदुस्तान आतंकवादी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार को आतंकवादियों के साथ-साथ उनके आकाओं के भी फ़न कुचलने चाहिए। इस दौरान कपिल मावी, अंशुल बैसला, शादाब चौधरी, शो. जिब प्रधान, नीरज मावी, अंकुर चौधरी आदि मौजूद रहे।



# आतंकी हमले के विरोध में, एबीवीपी ने किया पाक का पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हापुड़ (एबीवीपी) इकाई ने पहलगाम कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में नगर कोतवाली क्षेत्र के गोल मार्किट में पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक तुषार भारद्वाज ने कहा कि यह हमला देश की अखंडता पर चोट है।

वहीं जिला सह संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद इसकी कड़ी निंदा करता है। नगर मंत्री अनुज वर्मा ने कहा कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला संयोजक तुषार भारद्वाज, जिला सहसंयोजक धर्मेंद्र सिंह, जिला संयोजक सोशल मीडिया आदित्य अग्रवाल, रचित अग्रवाल, नगर मंत्री अनुज वर्मा, अंजलि मिश्रा, अनुपम, आरती, भारती, रजत, नवीन, भूपेंद्र, विकास, रोनित, अंकुश, केशव, कार्तिक, आकाश, असित सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुला. सा करते हुए एक बाल अपचारी सहित तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की है।

गुरुवार को हाफिजपुर थाने पर पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि हापुड़ एसपी ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध की रोकथाम और वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान हापुड़ बुलंदशहर वाले हाईवे से बंद पड़े भट्टे की ओर जाने वाले रास्ते पर हाइवे किनारे से तीन शातिर वाहन चोर जुबेर पुत्र अरशद निवासी शेरपुर थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद अखिलेश उर्फ़ तुषार निवासी बेगमाबाद बूदाना थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद और एक बाल अपच. ारी को गिरफ़्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोर मेलो और बारात घरों के बाहर से वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। फिलहाल पुलिस ने वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।



# टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हादसे में बाईक चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ की मेरठ रोड पर गुरुवार शाम सड़क हादसा हुआ। आवास विकास कॉलोनी के पास एक टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आशिक के रूप में हुई है। वह थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर का रहने वाला था। उनके साथ बाइक पर सवार उनका भतीजा जुनैद घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब दोनों आवास विकास कॉलोनी की एक बिल्डिंग से निकल रहे थे। टैंकर ने बाइक को साइड मारी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान टैंकर ने बाइक चालक की गर्दन को कुचल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल जुनैद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।



## एक नजर

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र में व्यापारियों और ग्रामीणों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में लोगों ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

प्रदर्शनकारियों ने इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने सभी देशवासियों से सेना का समर्थन करने की अपील की। लोगों ने आतंकियों का पुतला जलाया और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आतंकियों के खिलाफ लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवीन वर्मा, उमेश राणा, पंकज गोयल, हरेंद्र यादव, सुधीर दादू और अरविंद श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के एक गांव में 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की मेरठ मेडिकल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप था। मृतक के चाचा कटार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भतीजे श्रवण को बलात्कार के आरोप में पकड़ने के दौरान लोगों ने मारपीट की थी।

इस मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी हालत शुरू से ही गंभीर थी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। अब आरोपी की मौत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पिलखुवा में सवारी लेने गए दो लोग लापता, परिजनों ने थाने में दी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के पिलखुवा में एक ई-रिक्शा चालक और उनके दोस्त के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों बुधवार को सवारी लेने सपनावत गए थे। वे रात 11 बजे खेड़ा गेट के पास देखे गए थे, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला है।

मोहल्ला गढ़ी निवासी वेद प्रकाश ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वे अपने दोस्त लीले के साथ हलवाई लेने सपनावत गए थे। लीले प्रहलाद नगर पिलखुवा का रहने वाला है। वेद प्रकाश के बेटे सूरज ने पिलखुवा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से लापता लोगों की तलाश जारी है।

### छिजारसी टोल प्लाजा पर टायर के नीचे दबकर युवक की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर एक दुखद घटना सामने आई है। यहां पानी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले 22 वर्षीय धर्मवीर की बस के टायर के नीचे आने से मौत हो गई।

घटना बुधवार की देर रात की है। धर्मवीर डग्गामार बस में यात्रियों को पानी बेच रहा था। टोल प्लाजा के बूथ पर जब बस रुकी, तो वह नीचे उतरने लगा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह बस के टायर के नीचे आ गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की तरफ से अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से फरार बस चालक की तलाश कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नवविवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगानगरी में एक दुखद घटना सामने आई है। वार्ड नंबर 15 में रहने वाली एक नवविवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। महिला की शादी करीब छह माह पहले हुई थी।

घटना मंगलवार की रात की है। महिला ने खाना खाने के बाद सोने के लिए कमरे में चली गई थी। देर रात परिवार के लोगों ने देखा कि कमरे में लाइट जल रही है। जब वे कमरे के पास गए तो महिला का शव पंखे से लटका हुआ मिला। सीओ वरुण मिश्रा के अनुसार, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई तहरीर प्राप्त होती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध ऑटो और ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ज़िलें में उप संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से ऑटो और ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ने वाली 24 ई-रिक्शा और ऑटो के चालान किए। जबकि 5 वाहनों को सीज किया गया।

एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के मद्देनजर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज़िलें के विभिन्न चौराहो पर यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसमें बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट, बिना फिटनेस और विभाग का टैक्स बकाया जमा किए बिना सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई साथ ही चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम, आदि मौजूद रहे।




# क्यूब रूट फाउंडेशन ने लिया 200 मरीजों को गोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा.राजेश सिंह के नेतृत्व में टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरूवार को क्यूब हाइवे संस्था द्वारा वित्त पोषित क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा जनपद के ब्लॉक गढ़मुक्तेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़मुक्तेश्वर सभागार में 200 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण किया गया।

संस्था के प्रोजेक्ट हेड अनिल कुमार शर्मा ने बताया की संस्था द्वारा जनपद में कुल 250 रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया जाना है जिसके अंतर्गत दिनांक 25 अप्रैल 2025 को भी जनपद की सिंभावली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पोषाहार वितरण किया जाएगा। पोषण पोटली वितरण समारोह में आए मरीज एवं मरीजों के तीमारदारों को जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा टीवी के लक्षण निदान व रोग से बचाव के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट हेड अनिल कुमार शर्मा रूपेश सिंह प्लाजा मैनेजर राज्यवर्धन सिंह चौहान राकेश राय मैनेजर (CSR) राजेश चौधरी एवं स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधीक्षक डा. शशी भूषण वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक रामस. ेवक लैब टेक्नीशियन महेंद्र सिंह वी टी बी एच वी लाखन सिंह आदि उपस्थित रहे।




# पहलगाम में हुए हमले कों लेकर कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कांग्रेस जन दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस जन कैंडल मार्च निकलते हुए रामलीला ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे। यहां से कांग्रेस जन हाथों में मोमबत्ती लेकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रामलीला ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरा देश कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा हैं कि इस घटना से देश भर के लोगों में आक्रोश है। सरकार को आतंकवाद पर पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना होगा और उन मौका परस्त लोगों को ऐसा सबक सिखाना होगा कि अगर कोई भारत पर या भारत के लोगों पर टेढ़ी निगाहों से देखेगा तो उसका भी हश्र यही होगा। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा है कि पाकिस्तान की इस करतूत से देश के लोगों में बेहद आक्रोश है। देश के लोग गमगीन हैं। इस घटना से देश का हर नागरिक सरकार से पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की मौत का बदला लेना चाहता है। इस मौके पर पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, पूर्व पीसीसी नवरत्न त्यागी पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी रामप्रसाद जाटव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आकाश त्यागी, सुखपाल गौतम, रवींद्र गुर्जर, शौकीन चौधरी, खुशबूदा अली, अंबेडकर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




# आग लगने से किसान की आठ बीघा फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र में एक किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मुरादपुर निवासी कामरान का सिखेड़ा गांव के जंगल में खेत है। उन्होंने आठ बीघा खेत में काटी गई गेहूं की फसल को एक जगह एकत्र कर रखा था।

कामरान गेहूं निकालने के लिए मशीन लेने गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि फसल में आग लग रही थी। पहले उन्होंने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। फिर दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। खेत मालिक महबूब अली ने बताया कि फसल में आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने कहा कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरूवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर-1, टटीरी में विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर स्कूल आधारित टीडी वैक्सीन टीकाकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अभियान 24 अप्रैल से 19 मई 2025 तक जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित किया जाएगा, जिसमें 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों को टेटनस एवं डिप्थीरिया टीडी का टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त रूप से कार्य करें। यह कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने समस्त अभिभावकों से अपील कि अपने बच्चों का समय से टीकाकरण कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दीपा सिंह ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. विभास राजपूत सहित आदि उपस्थित रहे।




# कश्मीर में नरसंहार की घटना से पूरा देश मर्माहत: वेदपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के नेतृत्व में कोर्ट रोड पर स्थित नगरपालिका परिषद से मुख्य चौराहे राष्ट वन्दना चौक तक मौन जुलूस निक. ालकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान विभिन्न संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद सभी ने मुख्य चौराहे पर कैंडल मार्च जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि पहलगाम मे हुई नरसंहार की यह घटना से पूरा देश मर्माहत है। देश आतंकवाद पर अंतिम प्रहार की मांग भी कर रहा है और मुझे उम्मीद है जल्द ही इसका बदला चुकाया जाने वाला है। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला संयोजक डा. शरफत अली, संदीप वशिष्ठ, डा. विनय त्यागी, अमित उपाध्याय, सत्यवीर सिंह बड़का, डा. नरेश कोरी, मनीष सिंह एडवोकेट, सुखबीर सिंह, महीमा खान, संजय कश्यप, अक्षय तोमर, शिवांक कुमार आदि मौजूद रहे।



# पहलगाम में हुई आतंकी घटना का विरोध

## प्रधानमंत्री से जल्द बदला लेने की रखी मांग, मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में अपना दल (सोनेलाल) के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क से विरोध स्वरुप जिलाधिकारी कार्यालय तक मौन धारण करके पैदल चलकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा अपना दल (एस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मेरठ सुधीर पंवार एडवोकेट के नेतृत्व में मांग की गई कि मृतक परिवारों को आर्थिक मदद के साथ-साथ ऐसी घटना दोबा. रा न हो पाए इसके लिए सरकार को आतंकियों के विरुद्ध ठोस कदम उठाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध पाबंदियां लगाये जाने को सही बताया, मौन धारण कर कार्यकर्ताओं ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

**वहीं गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल** में गुरुवार को प्रधानाचार्य, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त कर्मचारियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही घायलों के शीर्घ स्वस्थ होने की कामना की। आतंकवादियों के इस क्रूरतापूर्ण कृत्य की निंदा के साथ-साथ सरकार से आतंकवादियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग भी की।

**ऋषभ क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी क्रिकेट एकेडमी:** के क्रिकेटरों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। गुरुवार को ऋषभ क्रिकेट एकेडमी में एकत्र होकर खिलाड़ियों ने इस हमले की निंदा की और दो मिनट का मौन धारण कर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर क्रिकेट कोच अतहर अली ने दुख जताया और भारत सरकार से जल्द से जल्द हमला करने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

### खैरनगर के दवा व्यापारियों ने बाजार बंद कर किया विरोध

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को खैर नगर बाजार शाम तक बंद रहा दवा व्यापारियों सहित बाजार के अन्य व्यापारियों में काफी रोष है। उन्होंने प्रधानमंत्री गृहमंत्री और रक्षामंत्री से मांग की है कि इस देश से आतंकवाद को खत्म किया जाए और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए जिससे भविष्य में ऐसे हत्याकांड की पूर्णावर्ती न हो और पूरे विश्व को एक संदेश जाए कि भारत देश कोई कमजोर नहीं है इस आक्रोश बंद में बाजार के 90प्रतिशत से भी ज्यादा व्यापारी साथ रहे। जिसमें मुख्य रूप से रजनीश कौशल, राजीव ग्रोवर, हेमंत बंसल, आशाब अंसारी, सर्जिकल संगठन अध्यक्ष मनोज शर्मा, मोइनुद्दीन गुडडू, अरबाज, ओवैस, फरमान, अजय गुप्ता, सुनील, मनजीत कौछड़ आदि उपस्थित रहे।










हमले के विरोध में खैरनगर बाजार में विरोध करते व्यापारी।

### जानी में व्यापार संघ ने रखा बाजार बंद



जानी में बाजार बंद का दृश्य।

**जानी खुर्द।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों के ऊपर हुए पाकिस्तान आतंकवादियों के हमले से हुई हत्या के विरोध के चलते गुरुवार को जानी व्यापार संघ के लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति द्वारा एक विरोध में जानी मंडल संघ समस्त क्षेत्र वासियों व हिंदू संगठन के लोगों ने पूरे बाजार को बंद रखा और पाकिस्तान के द्वारा आतंकवादियों को भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले सैलानियों के ऊपर गोली चलाकर हत्या कर दी गई जिस पर व्यापार संघ के लोगों ने राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के नाम एक ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। वही संगठन के लोगों ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का जो सैलानियों की जम्मू कश्मीर में हत्या हुई है उनके जल्द से जल्द बदला लिया जाए। इसी के चलते आज व्यापारियों ने एक ज्ञापन और राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा भेजा गया इस दौरान जानी व्यापार मंडल के लोगों ने अपनी दुकान बंद कर विरोध जताया। इस मौके पर प्रवीन जिंदल, मनोज मल्लापुर, अमन सिंह कश्यप, मुनेश, बाबर, दीपक सोनी, बबलू, देव जिंदल, बिट्टू, सरफराज, शमशाद, प्रधान वेदपाल फौजी आदि मौजूद रहे। उधर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ खुफिया सेवा के लोग भारी संख्या में मौजूद नजर आए। अंदेशा था कि अधिवक्ता कोई बड़ा प्रदर्शन कर सकते है। इसी को लेकर चौकसी थी। कुल मिलाकर सब कुछ सामान्य रहा। लेकिन आतंक का विरोध जारी था।

## डीएम ने टीबी मरीज को गोद लेकर प्रदान की पोषण पोटली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने निक्षय मित्र के रूप में टीबी यूनिट यूपीएचसी पुलिस लाईन के अन्तर्गत उपचाररत टीबी मरीज कार्तिक पुत्र सुभाष को गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की एवं उनको छह माह तक पोषण पोटली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। डीएम द्वारा टीबी मरीज के स्वास्थ्य एवं परिवार संबंधी जानकारी ली गयी और उन्हें अच्छे खान-पान व साफ-सफाई रखने की सलाह दी गयी। डीएम ने टीबी के बचाव के तरीको के बारे में जानकारी देते हुए उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। और समय पर दवाई लेने को कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गुलशन राय, जिला कार्यक्रम समन्वयक नेहा सक्सैना, जिला एसटीएस अजय सक्सैना तथा नोडल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंजू गुप्ता आदि रहे।

## कंकरखेड़ा में व्यापारियों ने पाकिस्तान का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** गुरुवार को रोहटा रोड पर कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्याओं के विरोध में रोहटा रोड व्यापार संघ के नेतृत्व में रोहटा रोड पर पैदल मार्च निकाल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आतंकवाद, पाकिस्तान का पुतला जलाया गया। पाकिस्तान के प्रति लोगों में आक्रोश को लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस घटना के विरोध में रोहटा रोड व्यापार पूर्ण रूप से बंद रहा। रोहटा व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील कुमार और समाजसेवी दुष्यंत रोहटा ने कहा कि आतंकवादियों की इस नापाक हरकत को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ और उनका संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की। दुष्यंत रोहटा ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को चाहिए कि आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाए और कश्मीर में हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इस दौरान शोक सभा कर मृतकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील कुमार, समाजसेवी दुष्यंत रोहटा, अंकित गर्ग, ओंकार सहारण, पूर्व पार्षद ऋषिपाल सिंह, पार्षद मदनपाल सिंह, मुन्ना यादव, चंद्रप्रकाश टुटेजा, राजू तेवतिया , मुकेश शर्मा , दीपक पाल, मोहर सिंह सैनी, विपिन उपाध्याय, नोनी यादव, सर्वेश उपाध्याय, सचिन गोयल और प्रदीप शर्मा, सुनील आदि उपस्थित रहे।



## प्रधान व उसके पुत्रों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार रात सांसीपुरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष ने प्रधान व उसके पुत्रों पर सरियों से हमला करने व दौड़ा-दौड़ाकर पीटने का आरोप लगाया। इस घटना में एक दंपती सहित कई लोग घायल हो गए। घायल अवस्था में थाने पहुंचे पीड़ितों का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया और उनके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई।

रवि पुत्र पीतम ने तहरीर देते हुए बताया कि प्रधान पक्ष उनके रंजिश रखता है। दो दिन पूर्व भी प्रधान पक्ष ने उनके साथ मारपीट की थी। उन्होंने तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रधान पक्ष को तहरीर दिए जाने का पता चला तो उन्होंने बुधवार रात रवि के घर पर पहुंचकर हमला कर दिया। आरोप है कि उसे सरियों से बुरी तरह पीटा। इसके अलावा उसकी पत्नी सरिता पर जमकर डंडे बरसाए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण वहां आए तो आरोपी हत्या की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में पीड़ित थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया और प्रधान व उसके पुत्रों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल कराया और तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई। वहीं पीड़ित पक्ष के लोगों ने इस घटना से भय है। उन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## खिर्वा जलालपुर में मुस्लिम समाज ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पहलगाम आतंकियों द्वारा हमले में शहीद हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए रजा जैदी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया वे शहीद हुए लोगों का दुख व्यक्त किया व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और रजा जैदी ने कहा यह हमला सिर्फ लोगों पर नहीं है, बल्कि इंसानियत पर वार है जो नफरत फैलाकर धर्म के नाम पर गोली चलाते हैं वे इंसान नहीं हैवान हैं। धर्म पूछकर हत्या करना ये हैवानियत की पराकाष्ठा है। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व रक्षा मंत्री से मांग है की इन गुनहगारों को जल्द से जल्द इनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।

हर मासूम की हत्या का जवाब इंसाफ से दिया जाए। क्योंकि एक बेगुनाह की जान जाना पूरी इंसा. नियत का कत्ल है। इस मौके पर हसन मेंहदी प्रधान, रजा जैदी, मुनव्वर, नवाब हैदर, कामरान, मासूम, अब्बास, बबलू जैदी, दिलबर जैदी, तंजीम जैदी, शहजाद जैदी, समद, जामा जैदी, नसीम जैदी, आजम जैदी, शान जैदी, साहिल जैदी आदि मौजूद रहे।



## फलावदा में संयुक्त व्यापार एसोसिएशन ने कैंडल व मशाल पदयात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में नगर के व्यापारी व नागरिकों ने गुरुवार को शोक सभा व शांतिपूर्ण कैंडल मशाल पदयात्रा निकाल कर आतंकवादी हमले में दिवंगत हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने व उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करने और आतंक के विरोध में अपना विरोध प्रकट किया है। कैंडल मार्च पदयात्रा नगर पंचायत कार्यालय के परिसर से आरंभ होकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर व मवाना मार्ग पर स्थित अटल चौक तक निकाली गई है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने आक्रोश जाहिर करते हुए इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों ने बीते मंगलवार को जिस कायराना हमले को अंजाम दिया उससे लोगों में भारी गुस्सा और आक्रोश है। इस आतंकवादी हमले में 28 आम नागरिक मारे गए। आंतकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया और अपनी कायराना हरकत को अंजाम दिया। इसके बाद देश के हर कोने में पाकिस्तान के खिलाफ नफरत और भी बढ़ गई है। इस हमले को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान समर्पित आतंकवादियों का नाम सामने आ रहा है। नगर में पहलगाम में आतंकवादियों के कारण हमले को लेकर जबरदस्त गम और गुस्सा है। संसद से लेकर तमाम विपक्षी दल व दूसरे संगठनों ने हमले का शिकार हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए सभी लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कैंडल मार्च यात्रा में पाकिस्तान मुर्दाबाद, हत्या करने वाले आतंकवादियो को गोली मारो सालों को इसके साथ आंत. कवाद का पुतला जलाया गया। इस दौरान अश्वनी बिश्नोई, अजय शर्मा, जिला महामंत्री कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, विनीत रस्तोगी, योगेंद्र कुमार, मनोज जाटव, मिर्जा शम्मी, मिर्जा अलीमुद्दीन उर्फ बॉबी , गुडडू रस्तोगी, मास्टर अरुण बिश्नोई, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, बृजमोहन बिश्नोई, भास्कर अग्रवाल, प्रमोद आर्य, अनुज सैनी, आरव राजपूत, राजकुमार सैनी, शहजाद, डॉ. प्रमोद सैनी, आयुष्य सैनी, रवि बिश्नोई आदि शामिल रहे हैं।



## नलकूप का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

### नेशनल क्रिकेट ग्राउंड के सामान पर भी किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में लगभग एक सप्ताह से लावड़ चौकी बिना प्रभारी के ही संचालित थी चौकी पर अंडर ट्रेनिंग दरोगा के भरोसे ही चौकी चल रही थी। हालांकि एसएसपी विपिन टाडा ने गुरुवार को हस्तिनापुर जम्बूदीप चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह को लावड़ चौकी प्रभारी नियुक्त कर दिया।

इससे पहले बुधवार की रात में चोरों ने जमालपुर रोड पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर बने नलकूप का ताला तोड़कर स्टार्टर का तार, लैदर की बोल के पांच डब्बे, दो क्रिकेट बैट, एक माईक, व कैंटीन के सामान में रखी कोल्ड ड्रिंक की पेटी, व रोलर से लोहे के पाईप ओर हिंगल चोरी कर लिए ग्राउंड के संच. ालक साईम रिजवी ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनका भाई जब वहां पहुंचा तो नलकूप का ताला टूटा हुआ मिला जिसके बाद चोरी होने का पता चला। उन्होंने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस आसपास रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। **मौके पर पड़ा मिला चाबियों का गुच्छा:** जिस नलकूप पर बुधवार की रात में चोरी हुई उससे कुछ ही दूरी पर एक बड़ी चाबियों का गुच्छा पड़ा हुआ मिला। चोरों के हौसले कितने बुलंद है अंदा. जा लगाया जा सकता है कि बराबर में ही नलकूप से काटा गया केबिल चोरों द्वारा वहीं बेखौफ होकर जलाया गया और उसके अंदर से कॉपर निकाल कर ले गए।



## डीपीएम स्कूल में पहलगाम में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति प्रार्थना किया गया। इस हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। डीपीएम पब्लिक स्कूल का प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षक इस दु:खद घटना से गहराई से व्यथित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने की। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आतंक का कोई धर्म नहीं होता।

इस प्रकार की घटनाएं हमारे देश की अखंडता और मानवता पर आघात हैं। हमें एकजुट होकर ऐसी शक्तियों का विरोध करना चाहिए जो समाज में डर और हिंसा फैलाना चाहती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी छात्रों को इस घटना के बारे में जानकारी दी और उन्हें राष्ट्रीय एकता, शांति और सहिष्णुता के महत्व को समझाया। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे देशहित में सदैव सतर्क और जागरूक रहें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान समस्त छात्र, शिक्षक एवं विद्यालय स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय परिसर में मोमबत्तियाँ जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर वीरगति को प्राप्त निर्दोष नागरिकों की स्मृति को नमन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। जिससे वातावरण भाव विभोर हो उठा। डीपीएम पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रशासन, छात्रों एवं समस्त स्टाफ की ओर से यह संदेश दिया गया कि आतंक के विरुद्ध देश का प्रत्येक नागरिक एकजुट है। वहीं दूसरी ओर कस्बा रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गये लोगो को श्रद्धांजलि दी गयी। तथा घायलो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रार्थना सभा में स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता, प्रधानाचार्य आमिर खान, कोऑर्डिनेटर स्वाती अरोड़ा, मनजोत कोर, कोमल राणा, खुशबू, मोनिका महक, चरणजीत कौर, विजय कुमार अनिकेत, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार, मुकेश बलराम आदि स्टाफ उपस्थित रहा।




## आप के कार्यकर्ताओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार के खिलाफ आम आदमी पार्टी नेता हर्ष वशिष्ठ के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने सरस्वती लोक चौपले पर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

हर्ष वशिष्ठ ने कहा कि जो घटना जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई है उससे पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी है ऐसी घटनाओं पर सरकार को बलपूर्वक रोक लगाने की आवश्यकता है। इस घटना से जम्मू कश्मीर का माहौल खराब हुआ है। पहलगाम की घटना में वहां घूमने आए निर्दोष लोगों को आतंकवादियों ने अपनी गोलियों का शिकार बनाया जिसमें कुछ दिन पूर्व ही शादी हुए एक युवक को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा आखिर उस नवयुवक का क्या दोष रहा होगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सभी घायलों को जल्द से जल्द सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जाए और दोषी आतंकवादियों पर कठोर कार्रवाई हो। इस दौरान संदीप गुप्ता, कृष्णा यादव, साहित्य शर्मा, तनिष्क, हिमांशु, सचिन चौधरी, राहुल जोशी, अजय शर्मा, संजू सिसौदिया, रमाकांत, शिवम पंजाबी आदि शामिल रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

- व्यापारियों ने संयुक्त रूप से फूंका पाकिस्तान का पुतला, किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के सामूहिक नरसंहार के बाद देश में आक्रोश पनप रहा है जिसको लेकर जगह-जगह जुलूस निकालकर व पाकिस्तान ओर आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध जताया जा रहा है।

इसी कढ़ी में गुरुवार को कस्बा लावड़ में सुबह के समय नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में चेयरपर्सन हज्जन आफताब, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार व हाजी शकील कुरैशी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पहलगाम की कायराना घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा, साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते हुए घटना में शामिल आतंकियों के खिलाफ कढ़ी से कढ़ी कार्यवाही की मांग की। तत्पश्चात सभी ने कड़ा विरोध जताते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। वहीं शाम के समय कस्बे के व्यापारियों ने संयुक्त रूप से इकट्ठा होकर मृतकों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की ओर उसके बाद व्यापारियों ने कस्बे के मुख्य मार्ग पर मीठेपुर चौराहे तक पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आक्रोश मार्च निक. ाला व्यापारियों ने मुख्य चौराहे पर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। सभी ने अपने हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, आदि स्लोगन लिखी तख्तियां ली हुई थी। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी, गौरव गुप्ता, रामानंद विलटोरिया, उमेश कश्यप, जयसिंह, हरपाल सैनी, अक्षय गर्ग, शाकिब रिजवी, हाजी खुर्शीद रिजवी, अंशुल प्रधान, सुंदर सैनी, कुलदीप, रोहित सैनी आदि मौजूद रहे।







# भारत-पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला



● **भारत-पाक ने 2012-13 के बाद द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली, भारत आखिरी बार 2008 में पाक गया था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा।

भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। भारत आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान गया था। दोनों टीमें केवल एक दूसरे का सामना आईसीसी या फिर एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही करती हैं। पाकिस्तान पिछली बार वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत आया था। हालांकि, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था और टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में आयोजित किए गए थे।

राजीव शुक्ला ने स्पोर्ट्स तक से कहा कि हम पीड़ितों के साथ हैं और हम इसकी निंदा करते हैं। हमारी सरकार जो कहेगी हम करेंगे। हम सरकार के रुख के कारण पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं। हम आगे भी पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय मैचों में नहीं खेलेंगे। लेकिन जब आईसीसी प्रतियोगिता की बात आती है तो हम आईसीसी की व्यस्तताओं के कारण खेलते हैं। जो हो रहा वो आईसीसी को भी पता है और उम्मीद है वह भी साथ देंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि क्रिकेट समुदाय पहलगाम में भयावह आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से बहुत स्तब्ध और दुखी है। बीसीसीआई इस वीभत्स और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उनके दुख और दर्द को साझा करने के लिए हम दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच आईपीएल मैच नंबर 41 के दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी थी। इस आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक समते 26 लोगों की मौत हुई थी।

मैच शुरू होने से पहले 60 सेकेंड का मौन रखा गया था। दर्शकों को इस मौन में साथ देने के लिए कहा गया था। टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने अपनी संवेदना व्यक्त की और इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा की। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों, कमेंटेटर और सहयोगी स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। बीसीसीआई ने भी बिना किसी धूमधाम के मैच आयोजित करने का फैसला किया था। किसी चीयरलीडर ने मैच के दौरान प्रदर्शन नहीं किया। साथ ही जश्न के लिए आतिशबाजी का भी प्रयोग नहीं हुआ। संगीत या डीजे की भी व्यवस्था नहीं की गई थी।




# रोहित टी-20 में 12 हजार रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

■ **मुंबई के लिए हाईएस्ट सिक्स भी लगाए, काली पट्टी बांधकर उतरे प्लेयर्स**

**हैदराबाद।** आईपीएल-18 के 41वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 7 विकेट से हराया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में रोचक लम्हे और रिकार्ड्स देखने को मिले। पहलगाम में हुए आतंकी अटैक को लेकर प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे। हेनरिक क्लासन ने 107 मीटर लंबा सिक्स लगाया।

रोहित शर्मा 12 हजार टी-20 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने। उन्होंने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स भी लगाए। जसप्रीत बुमराह ने मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में लसिथ मलिंगा की बराबरी की। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 300 विकेट भी पूरे किए। हैदराबाद-मुंबई मैच में कश्मीर के पहलगाम में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के कप्तान, प्लेयर्स और अंपायर्स काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की जान ले ली थी। शोक व्यक्त करने के लिए मैदान में पटाखों और चीयरलीडर्स का सेलि. ब्रेशन भी नहीं हुआ। राजीव गांधी स्टेडियम में मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों और दर्शकों ने 2 मिनट का मौन रखा। यह मौन पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए रखा गया। तीसरे ओवर की पहली बाल पर ईशान किशन विकेटकीपर रायन रिकेलटन को कैच देकर आउट हो गए। दीपक चाहर ने लेग स्टंप की तरफ लेंथ डिलीवरी फेंकी, विकेटकीपर ने गेंद को पकड़ा और अपील नहीं की। लेकिन तभी अंपायर का हाथ आधा उठा हुआ दिखाई दिया, और एमआई के खिलाड़ियों ने हलकी-सी अपील की। फिर अंपायर ने पूरी तरह उंगली उठा दी, और ईशान किशन भी बिना रिव्यू के पवेलियन लौट गए।

यहां कप्तान हार्दिक पांड्या ने बस अपील की थी, विकेटकीपर और गेंदबाज की तरफ से कोई अपील नहीं की गई थी। हालांकि अल्ट्राऐज में पता चला की बाल, बैट के किसी भी भाग को बिना छुए विकेटकीपर के पास गई थी। यहां किशन डीआरएस लेते तो वे बच जाते।

## खेल विशेष


### हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय दल की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के साई केन्द्र में 25 अप्रैल से शुरु होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शि. विर के लिए संभावित 54 सदस्यीय दल की घोषणा कर दी हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर समूह का चयन किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान समूह का मूल्यांकन कर खिलाड़ियों की संख्या 40 तक सीमित कर दी जायेगी। चयनित 40 खिलाड़ी एक से 25 मई तक निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

### खालसा बनाम एलुमनी कि यामा प्रसाद मुखर्जी बनाम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के बीच होगा हॉकी सेमीफाइनल

**नई दिल्ली, वार्ता।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में एसजीटीबी खालसा कॉलेज बनाम एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी तथा श्याम लाल कॉलेज बनाम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुक. शन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। इससे पहले हॉकी में पुरुष वर्ग के अंतिम लीग मैच में और एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी ने हंसराज कॉलेज को 2-1 से हराया। खालसा कॉलेज एलुमनी की ओर से सूरज ने दो और हंसराज कॉलेज से एकमात्र गोल सागर ने किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड हंसराज कॉलेज के खिलाड़ी सागर को मिला। इसके साथ ही टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के हॉकी सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए।

# पाक ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम भारत नहीं आएंगे




■ **नीरज चोपड़ा का इनविटेशन ठुकराया, बेंगलुरु में 24 मई को है एनसी क्लासिक टूर्नामेंट**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम बेंगलुरु में 24 मई को होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे।

उन्होंने दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। कुछ दिन पहले नीरज चोपड़ा ने बेंगलुरु में हो रहे एनसी क्लासिक भाला फेंक की जानकारी देते हुए कहा था कि 2024 पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम को भी उन्होंने इसमें भाग लेने के लिए बुलाया है। उनसे बात हुई है, वह अपने कोच से बातचीत कर अपना जवाब देंगे। अरशद बोले- एशियाई चैंपियनशिप के लिए कोरिया में रहेंगे अरशद ने न्यूज एजेंसी से कहा कि एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है। नदीम ने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो कर जीता था गोल्ड मेडल नदीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.97 मीटर का रिकार्ड थ्रो फेंककर गोल्ड मेडल जीता था, जबकि नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीहता। पेरिस ओलिंपिक में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर और नदीम ने गोल्ड मेडल जीता था। दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स सहित कई जेवलिन थ्रोअर ले रहे हैं भाग बेंगलुरू में हो रहे पहली नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, रियो 2016 ओ. लिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले जर्मनी के थामस रोहलर, सिल्वर मेडल जीतने वाले और 2015 वर्ल्ड चैंपियन केन्या के जूलियस येगो, और अमेरिका के करंट वर्ल्ड लीडर कर्टिस थाम्पसन हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में एएफआई और वर्ल्ड एथलेटिक्स मिल कर करवा रहे है छब क्लासिक इवेंट नीरज चोपड़ा, श्रैं स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स मिल कर करवा रहे है। यह बेंगलुरु के कांतीरावा स्टेडियम में होगा। पहले यह हरियाणा के पंचकूला में होना था, लेकिन वहां लाइट्स की समस्या के कारण स्थान बदला गया। यह इवेंट ॅ। की '।' कैटेगरी या कान्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल में आता है, जो अब तक भारत में होने वाला सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स इवेंट होगा।

# रॉयल रेंजर्स, ड्रीम एफसी और एमिटी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनीता की शानदार हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने सिटी एफसी को 3-0 से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में हंस कैपिटल फुटबाल क्लब ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब पर 4-2 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए दो शानदार गोल करने वाली सृष्टि कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वी चिंग और पायल ने एक-एक गोल बांटे। वहीं ईव्स के लिए नैंसी और नेहा ने एक-एक गोल किए। पुरुषों की ए डिवीजन के एक मैच में आशुतोष के दो दर्शनीय गोलों से द ड्रीम टीम ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2-0 से पराजित किया। विजेता टीम ने अधिकांश समय दबदबा बनाया लेकिन कई आसान मौके गंवाए। वरना जीत का अंतर बघ हो सकता था। अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन लीग के मैच में एमिटी इंडियन नेशनल फुटबाल क्लब ने अहबाब एफसी को 5-3 से हराया। रोमांचक मुकाबले में विजेता टीम के लिए विकास दलाल और विनय ने दो दो तथा तनिश ने एक गोल किया। अहबाब के टी मिसाओ, मंगते और एल बेंजमीन ने एक-एक गोल दागे।

# मुंबई सिटी एफसी ने चेन्नइयिन एफसी को रौंदा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** लल्लियनुआलां छांगते के दो गोल के शानदार गोल के दम पर मुंबई सिटी एफसी ने कलिंगा सुपर कप के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी को 4-0 से हरा दिया।

कलिंगा स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुक. ाबला का पहला हाफ 1-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। मुंबई सिटी एफसी की ओर से निकोलाओस करेलिस ने (43वें) मिनट पहला गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद लल्लियनजुआला छांगते ने (64वें, 86वें) मिनट में दो गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद सब्सटीट्यूट बिपिन लसह ने (90वें) में गोलकर मुकाबला 4-0से जीत लिया। लल्लियनुआला छांगते को उनके शानदार खेल के लिए कलिंगा प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार से नवाजा गया।

# डा. मनसुख मांडविया ने किए डिजीलॉकर से खेल प्रमाण पत्र जारी




**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को एथलीटों के लिए डिजीलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र दिए जाने की सुविधा आरंभ की।

डॉ. मांडविया ने आज यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में एथलीटों के लिए डिजीलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र दिए जाने की सुविधा शुरु की। इस अवसर पर देशभर से आये विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों से डॉ. मांडविया ने कहा कि वे जिला और राज्य स्तर पर के प्रमाण पत्रों के लिए नोडल अधिकारी के जरिए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्रों की इस सुविधा का लाभ दे। इसके साथ उन्होंने कहा कि खेल संघों को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम और इंदिरा गांधी स्टेडियम में ऑफिस की सुविधा दी जायेगी और प्रत्येक खेल संघ को एक उद्योग घरानों से जोड़ा जायेगा। इस दौरान खेल संघों के प्रतिनिधियों ने एथलीटों के लिए खेल प्रमाणपत्रों को डिजीलॉकर की सुविधा से जोड़ने के खेल मंत्रालय इस कदम का स्वागत किया। खेल संघों के प्रतिनिधियों कॉलेज, जिला और राज्य स्तर पर इस डिजीलॉकर प्रमाणपत्रों को लेकर केन्द्रीय खेलमंत्री के साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए और डिजीलॉकर के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सवाल रखे।

# पाक क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने अपने ही पीएम पर दागे सवाल

■ **पाक राजनायिक या क्रिकेटर की ओर से नहीं हुई हमले की निदां**

**कराची, वार्ता।** पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। इनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इस हमले की दुनियाभर में निंदा हो रही है। हालांकि, पाकिस्तानी राजनायिक या पाकिस्तानी क्रिकेटर की ओर से इस हमले की निंदा को लेकर कोई पोस्ट नहीं आया है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ नहीं है तो शहबाज ने अब तक इसकी निंदा क्यों नहीं की है। दानिश कनेरिया पाकिस्तान टीम में शामिल चुनिंदा हिंदू खिलाड़ियों में से एक रहे। उन्होंने हिंदू होने की वजह से टीम में भेदभाव और धमकियों के बारे में खुलकर बात की थी। अब उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कई ट्वीट किए हैं। 22 अप्रैल को अपने ट्वीट में कनेरिया ने कहा था कि पहलगाम में एक और क्रूर हमला। बांग्लादेश से लेकर बंगाल और कश्मीर तक, एक ही मानसिकता हिंदुओं को निशाना बनाती है। लेकिन 'धर्मनिरपेक्ष' और न्यायपालिका इस बात पर जोर देते हैं कि हमलावर 'उत्पीड़ितअल्पसंख्यक' हैं। पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए।श इसके बाद किसी देवान सचल नाम के एक्स यूजर के पोस्ट पर उन्होंने जवाब दिया था। सचल ने लिखा था कि भारत पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवाद को प्रायोजित करता है.... शायद भारतीय तॅ टीम कर्मा से सीख ले सकती है।श इसके जवाब में कनेरिया ने लिखा कि बलूच लोगों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार लोगों के साथ खड़े होने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। भारत के खिलाफ झूठे आरोप फैलाने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। आप हमारे समुदाय के मूल्यों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।



# बेंगलुरु ने राजस्थान को 206 रनों का टारगेट दिया

● **विराट कोहली और पडिक्कल ने फिफ्टी लगाई, रॉयल्स से संदीप शर्मा ने दो विकेट लिए**




**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल के 42वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राजस्थान रायल्स (आरआर) को 206 रन का टारगेट दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में राजस्थान ने बालिंग चुनी। बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। विराट कोहली ने 70 और देवदत्त पडिक्कल ने 50 रन बनाए। रायल्स से संदीप शर्मा ने 2 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम 20वें ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 8 ही रन बना सकी। टिम डेविड ने 15 गेंद पर 23 और जितेश शर्मा ने 10 गेंद पर 20 रन बनाए। आरसीबी ने राजस्थान के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर भी बनाया। इससे पहले 2015 में टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही 7 विकेट खोकर 200 रन बनाए थे। 17वें ओवर में आरसीबी ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल संदीप शर्मा ने ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट ऑफ गुड लेंथ पर पर फेंकी।

रजत पाटीदार कट शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 ही रन बना सके। 17वें ओवर में आरसीबी ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल संदीप शर्मा ने गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर नीतीश राणा के हाथों कैच हो गए। पडिक्कल ने 50 रन बनाए। आरसीबी ने 16वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल जोफ्रा आर्चर ने शार्ट ऑफ गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। विराट कोहली बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर नीतीश राणा के हाथों कैच हो गए। कोहली ने 70 रन बनाए। 16वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल ने भी फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर तुषार देशपांडे के खिलाफ छक्का लगाया और 26 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। विराट कोहली ने 12वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने संदीप शर्मा के ओवर में तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाकर 32 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने फिल साल्ट के साथ 61 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की थी। अगले ही ओवर में कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ भी फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। आरसीबी ने 7वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल वनिंदू हसरंगा ने फुलर लेंथ फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन डीप मिड विकेट पर कैच हो गए। साल्ट ने 26 रन बनाए। पावरप्ले के 6 ओवरों में बेंगलुरु ने बगैर नुकसान के 59 रन बनाए। विराट कोहली और फिल साल्ट ने 5वें ओवर में टीम की फिफ्टी पूरी करा दी थी। पांचवें ओवर में आरसीबी ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

# एकजुट भारत

केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले से किस तरह निपटा जाए। इस पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद तमाम नेताओं ने एक स्वर में राजनीति को परे रखते हुए देश हित में सरकार जो भी कदम उठाएगी। उसके साथ रहने की बात कही है। यह बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक के बादकांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने घटना की निंदा की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यह कहते नजर आए कि सरकार के किसी भी एक्शन का समर्थन करेंगे। इस बैठक में अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रामगोपाल यादव, सुप्रीया सुले, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मिथुन रेड्डी आदि विपक्ष के नेता थे। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का नजारा था उससे साफ है भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा एक-दूसरे से कितनी भी अलग हो लेकिन जब देश के ऊपर किसी संकट की बात आती है तो फिर आपसी राजनीतिक अदावत का कोई मतलब नहीं रह जाता। निश्चित रूप से इस समय दक्षिण एशिया के दो देशों में भारत व पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है जोकि स्वभाविक भी है कोई भी संप्रभुता सम्पन देश यह किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं कर सकता कि उसके निर्दोष निहत्ते नागरिकों को इस तरह मार दिया जाए जिस तरह पुलवामा में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 28 भारतीयों की जान ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक कह चुके है कि निर्दोष भारतीयों की मौतों को ऐसे जाने नहीं दिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे तो उनके अंजाम तक पहुंचाया ही जाएगा। साथ ही उन लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाएगा जो इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहे है। भारत ने जिस तरह के अब तक कदम उठाए है वह बेहद महत्वपूर्ण है और बिलकुल उपयुक्त है। भारत में पाकिस्तान के तमाम नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने के लिए कहा है अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से तमाम व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए है इसके साथ-साथ भारत में सैन्य विकल्प भी खुला छोड़ा है। जाहिर है भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान में खलबली है। वहां की सेना भी अलर्ट पर है। पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए ठीक ऐसे ही कदम उठाए है, लेकिन यह कदम पलटवार कम उसके डर जाने का अधिक संकेत दे रहे है। जाहिर है पाक अंदर से घबराया हुआ है। उसे भय है कि जिस तरह भारत के नेता कड़ा रुख दिखा रहे है। उससे वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा भी है कि भारत इस तरह की कार्रवाई करेगा जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल होगी। इस समय भारत एकजुट है ही साथ ही जिस तरह उसे विश्व समुदाय का समर्थन मिल रहा है उससे भी पता चलता है कि भारत के स्टैंड को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## आतंकियों व उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी, पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, बहन-बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# सवाल करती हुई कलम की मौत






पवन सिंह

**21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है**

समय को थोड़ा सा पीछे सरकाते हैं और 1980-90 के दशक पर ठहरते हैं। उस दौर की पत्रकारिता में गजब की ठसक और सवालों से भरे इतने तरकश होते थे कि बड़े से बड़ा सियासतदां भी पनाह मांग जाता था। अब पत्रकारिता से चाटुकारिता के इस लिज.लिजे दौर में न वो तेवर हैं, न हिम्मत है, न धार है और सवाल तो है ही नहीं। मौजूदा पत्रकारिता का यह सबसे छिछला और सड़ांध भरा व बदबूदार दौर है। जहां लाइट-कैमरा-एक्शन पर मेकअप आर्टिस्ट द्वारा पुते पूर्व निर्देशित कठपुतलियां हैं, जो अब सवाल नहीं करती हैं। एक वक्त था तब भी आंतकवादी घटनाएं और दंगे होते थे और अगली सुबह का अखबार जब हाथों में होता था तो फर्स्ट लीड भले ही दंगों/आतंकी घटनाओं पर हो लेकिन उस समय ऐसे लोगों को भी भरपूर जगह मिलती थी जो लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा देते थे।

ख़बरें बैलेंस थीं। पैनिक क्रियेट नहीं करती थीं। हम लोगों से कहा जाता था कि पाज़िटिव न्यूज भी खोजो। दंगों/आंतकवादी घटनाओं के साथ लोगों के सामाजिक-धार्मिक सरोकारों से जुड़ी ख़बरें तपिश को कम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है। नोएडा मीडिया 'बदबूदार पत्रकारिता' का झंडा-डंडा लेकर ग्राउंड जीरो से लेकर अपने दड़बे यानी स्टूडियो तक केवल 'सड़ांध चर्चा' करता रहा। कहां गए वो सवाल जो सत्ता की आंख में आंख डाल कर पूछे जाने चाहिए थे? वो लोग क्यों एक सिरे से खारिज कर दिए गए जो अपने टट्टुओं की पीठ पर या अपनी पीठ पर लाद कर लोगों की जान बचा रहे थे? काश्मीर की टैक्सी एसोसिएशन के वह सैकड़ों लोग जिन्होंने तय किया कि वे बिना पैसा लिए पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे, ये सब 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' की खबरों से गायब क्यों? उन सैकड़ों काश्मीरियों को क्यों नहीं दिखाया गया जो अस्पतालों में खून देने के लिए लाइन लगाए हुए थे? क्या ये खबर का हिस्सा नहीं थे? किसके कहने से खबरों से ये पक्ष 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' चबा गया? कौन था वो शख्स जो नहीं चाहता था कि ये सब भी खबरों का हिस्सा बने? लेफ्टीनेंट नरवाने कि बहन रो-रोकर कह रही है कि डेढ़ घंटे तक घटना स्थल पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा यह वीडियो खबरों से क्यों गायब रहा? इस बार भी कुंभ की तरह जन पत्रकारिता हुई, और लोगों ने अपने-अपने मोबाइल निकाले। वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। ऐसे वीडियो जब तक एक के बाद एक, आना शुरू हुए तब तक चंपूछाप रिमोट कंट्रोल मीडिया पूरे देश में, खासकर गोबरपट्टी में अपने एजेंडा का सीवेज फैला चुका था। 30-32 सालों के इतिहास में पहली बार पूरा काश्मीर बंद रहा। पहली बार लोग आंतकवाद के खिलाफ सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले। यह एहसास अगर उनको मूल धारा से जोड़ती है तो इसे खबरों में जगह क्यों नहीं दी गई? क्या ये खबर, खबर का हिस्सा नहीं थी? अब सवाल ये बनते हैं कि क्या खुफिया एजेंसियों के हमले के इनपुट्स थे, तो इसकी जवाबदेही किसकी बनती है? जब सरकार को पता है कि 'टयूरिज्म का सीजन' आरंभ हो चुका है और पहलगाम तक यात्री जाते हैं तो इतनी बड़ी चूक हुई तो हुई कैसे? सबसे चौंकाने वाली बात यह है की खुफ़िया एजेंसियों को इस तरह के हमलों की संभावनाओं के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। अप्रैल, 2025 की शुरुआत में ही खुफिया सूत्रों ने चेता.वनी दी थी की आतंकी संगठन पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इनपुट्स में यहां तक इंगित किया गया था की आतंकियों ने रेकी कर ली है और कोई बड़ा हमला हो सकता है। विगत 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की इसके बाद विगत 6 अप्रैल, 2025 को अमित शाह श्रीनगर में इंटीग्रेटेड कमान की बैठक की अध्यक्षता करते हैं। इसके बावजूद 21 अप्रैल, 2025 को आंतकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देकर निकल जाते हैं और इसके बाद जब भारतीय मीडिया की देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी वो सुलगती आग को पेट्रोल से सींच रहा था।

घटना को आधे घंटे के भीतर ही भारतीय मीडिया ने एक बड़ी वारदात को हिन्दू-मुस्लिम का रंग दे दिया। ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके पोस्टर जारी हो गए? लेकिन यह सवाल छिपा लिया गया कि चंद रोज पहले ही संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' में काश्मीर को लेकर क्या टिप्पणी की गई थी? प्रधानमंत्री का दौरा रद्द हो जाना। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे तो कहा गया कि मौसम खराब होने की सूचना के कारण ऐसा किया गया। आज भी पुलवामा का सच सामने नहीं आया? ये सवाल आज भी वहीं खड़े हैं कि लंबी छुट्टी से डयूटी पर लौट रहे निहत्थे सीआरपीएफ के जवानों को 'एअर लिफ्ट' क्यों नहीं किया गया? जब यह प्रोटोकॉल है कि अगर कानवाय (सेना का काफिला) चलेगा तो सिविलियन ट्राफ़िक बंद रहेगा, क्यों ऐसा नहीं हुआ? भारी-भरकम आरडीएक्स लेकर कार में आतंकी आराम से घूमते रहे? देवेन्द्र सिंह क्यों छोड़ा गया? उसकी कार में कौन लोग थे? सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी अभय प्रताप सिंह का वह खत (पुलवामा हमले से पहले का) आखिर अचानक कहां गायब हो गया।

किसी दल के आईटी सेल के प्रवाह में बह जाना सबसे आसान बहाव है, लेकिन पाकिस्तानी आर्मी चीफ के दो दिन पूर्व के एक धमकी भरे बयान के बाद यह घटना हुई, लेकिन मीडिया ने यह सब कुछ क्यों दबा दिया। यह खबर 'सीवरेज बहस' का हिस्सा क्यों नहीं बनी? जब-जब कोई अमेरिकी राजनयिक भारत आता है अक्सर इस तरह की आतंकी घटनाएं होती हैं? फिर भी सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान ने बलोच की ट्रेन किडनैपिंग का बदला लिया है? क्योंकि इस घटना पर हमारे बहादुर आईटी सेल ने अपनी मूर्खतापूर्ण बहादुरी दिखाई थी, और इस घटना को 'गंध तरीके से' भारत के दो नेताओं के 'सिर का ताज' बनाया था कि 'वो हैं' तो मुमकिन है? अगर ट्रेन के कब्जे पर कुछ किया भी गया था तो इस तरह की घटना का श्रेय कौन सा बेवकूफ देश लेता है? अगर किया भी था तो चिल्लाने की जरूरत क्या थी। ये सवाल भी बनता है कि सेना में दो लाख से अधिक जवानों की कमी क्यों।

बहुत से प्वाइंट है जिस पर मीडिया को बात करनी थी लेकिन बात और विषय घुमा दिए गए। नोट बंदी के बाद आतंकवाद की कमर ही टूट गई थी, का झंडा लहराने वालों से यह सवाल क्यों नहीं कि फिर भी लगातार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या चैनलों और अखबारों को यह टैग लाइन/पंच लाइन दी गई थी कि 'नाम पूछ कर मारा' यही 'फ्रेम' रहेगा और क्या यह सवाल मना थे कि सुरक्षा में चूक कहां और क्यों हुई? मीडिया टैग लाइन/पंचलाइन ओढ़ कर वो सारे सवाल चबा गया जो हमारे-आपके सवाल थे? क्या अगली किसी दुखद घटना के इंतजार में क्योंकि टैग लाइन/पंचलाइन के चक्कर में मीडिया फिर से मूल विषय खा गया।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# सिंधु जल संधि टूटने का खामियाजा...



अक्षत सरोत्री

पाकिस्तान प्यास से (**Indus Water**) मर जाएगा। इस गर्मी में पाकिस्तान को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। 'पाकिस्तान को अकेला छोड़ दिया जाएगा-जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला किया, तो इस पर ढेरों पोस्ट लिखे गए कि इसका पाकिस्तान पर क्या असर होगा। हालांकि लंबे समय में पाकिस्तान के लिए इसके बहुत बड़े परिणाम होंगे, लेकिन अभी यह मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है।

### सिंधु जल संधि को समझिए



कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था। दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। संधि के अनुसार, भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है।

वहीं, पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। अब, पाकिस्तान, जो कि निचले तटवर्ती देश है, क्योंकि नदियां नीचे की ओर बहती हैं, नुकसान में है। ऊपरी तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां नदी का उद्गम होता है और निचला तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां यह समाप्त होती है। इस प्रकार, चूंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियां पाकिस्तान से नहीं निकलती हैं, इसलिए देश इस संधि पर बहुत अधिक निर्भर है, क्योंकि उसे इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में, पंजाब प्रांत देश के 85 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। इसके अलावा, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण, कृषि क्षेत्र पाकिस्तान के खजाने में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है तथा इसकी 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की आय का एकमात्र स्रोत है।

पाकिस्तान पहले से ही भूजल की कमी का सामना कर रहा है और कराची जैसे शहर निजी जल टैंकरों पर निर्भर हैं, सिंधु नदियों से जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा से फसल की पैदावार प्रभावित होगी, जिससे खाद्यान्न की कमी और आर्थिक अस्थिरता की संभावना पैदा होगी।

### पाक पर इसका असर तुरंत क्यों नहीं पड़ेगा?

हालांकि, इसका प्रभाव तुरंत महसूस नहीं किया जाएगा, क्योंकि संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले का मतलब यह नहीं है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पानी तुरंत बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के पास अभी सिंधु नदी से पाकिस्तान में पानी के बहाव को रोकने या उसे अपने इस्तेमाल के लिए मोड़ने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। भारत ज़्यादा से ज्यादा पानी के बहाव को 5-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

संधि भारत को सिंधु, झेलम और चेनाब पर जलाशय बांध बनाने से रोकती है। हालांकि, भारत जलविद्युत 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विक.सित कर सकता है। इसका मतलब है कि परियोजनाएं पानी के प्रवाह को बदल नहीं सकती हैं या इसे बाधित नहीं कर सकती हैं। संधि को निलंबित करने का मतलब है कि भारत इन प्रतिबंधों का पालन नहीं कर सकता है, और जल प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय बांधों का निर्माण शुरू कर सकता है। हालांकि, इन नदियों पर बड़े जलाशयों का निर्माण करने में कई साल या एक दशक लग सकते हैं। पारिस्थितिकी प्रभाव को देखते हुए इस तरह की चीज को सफल बनाने के लिए

**कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था, दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, संधि के अनुसार भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है**

व्यापक सर्वेक्षण और धन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, इस समय, भारत का कदम पाकिस्तान पर आतंकी समूहों पर लगाम लगाने और घुसपैठ को रो.कने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने स्थिति को पूरी तरह से अभिव्यक्त किया। यह कल पानी बंद करने के बारे में नहीं है। नल अभी भी खुला है। लेकिन इसके पीछे का संयम हटा दिया गया है कि उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया।

# हंगामा है क्यों बरपा?



रजनीश कपूर



**हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है**

भारत के संविधान में न्यायपालिका और विधायिका को विशेष अधिकार और शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो उनके बीच संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के ज़रूरी हैं। ये दोनों संस्थाएं संविधान के तहत अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र और समान रूप से कार्य करती हैं, लेकिन साथ ही एक-दूसरे की शक्तियों पर भी नियंत्रण रखती हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है। दुबे ने न्यायपालिका पर 'अराजकता' और 'धार्मिक युद्ध' भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से आगे बढ़ रहा है, जिससे संसद और विधानसभाओं की भूमिका गौण हो गई है। दुबे की इन टिप्पणियों पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अवमानना की कार्यवाही की मांग की है।

वहीं भाजपा ने खुद को इन टिप्पणियों से दूर कर लिया है। विपक्षी दलों की नज़र में मौजूदा विवाद एक सोची-समझी रणनीति के तहत जनता का ध्यान वक्फ़ विधेयक से उत्पन्न असहज परिस्थिति से भटकाने के लिए किया गया है। इस विवाद ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन, संविधान में उनके अधिकारों और सीमाओं पर पुरानी बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है।

भारतीय न्यायपालिका एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर है, उसके नीचे उच्च न्यायालय और फिर जिला एवं सत्र न्यायालय आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संविधान का संरक्षक है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का 'गारंटर' भी है। सर्वोच्च न्यायालय के पास मूल अधिकार क्षेत्र होता है, जिसमें वह केंद्र और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है। इसके अलावा, यह अपीलीय और सलाहकार अधिकार भी रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। यह संविधान के सर्वोच्च कानून के रूप में पालन को सुनिश्चित करता है। यदि कार्यपालिका व विधायिका संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उनके कार्यों को असंवैधानिक घोषित भी कर सकता है। न्यायपालिका विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करती है और अनुच्छेद 13 के तहत असंवैधानिक पाए गए कानूनों को अमान्य भी कर सकती है। यह विधायिका की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण नियंत्रण है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, लेकिन यह 'कॉलेजियम' प्रणाली के माध्यम से होती है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, न्यायाधीशों पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटाने का प्रावधान भी है, जिससे न्यायपालिका की जवाबदेही बनी रहती है। अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश जारी कर सकता है, जिससे उसे कुछ कार्यकारी कार्यों को संचालित करने की अनुम.ति मिलती है, खासकर जब कार्यपालिका विफल होती है। वहीं विधायिका का मुख्य कार्य कानून बनाना है। यह संसद (लोकसभा और राज्यसभा) और राज्य विधानसभाओं के रूप में कार्य करती है। विधायिका के पास कानून बनाने, संशोधित करने और रद्द करने का अधिकार है। यदि न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर देती है, तो विधायिका उस कानून को संविधान के अनुरूप संशोधित कर पुनः वैध बना सकती है। विधायिका के सदस्यों को भाषण और मतदान की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत प्राप्त है, जो उन्हें न्यायालयों के हस्तक्षेप से बचाता है। विधायिका के पास राष्ट्रपति या न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग चलाने का अधिक.ार भी है, जो संवैधानिक उल्लंघनों के लिए एक नियंत्रण तंत्र है। विधायिका कार्यपालिका को सलाह देती है और उसके कार्यों की निगरानी करती है। कार्यपालिका के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार होता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में विधायिका को दरकिनार किया जा सकता है। भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से शक्ति विभाजन का उल्लेख नहीं है, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाए गए हैं। अनुच्छेद 121 और 211 विधायिका को न्यायाधीशों के आचरण पर चर्चा करने से रोकते हैं, और अनुच्छेद 122 और 212 न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही पर निर्णय लेने से रोकते हैं। इससे दोनों के बीच संतुलन बना रहता है। यदि विधायिका संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है, तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर सकती है, जैसा कि 'केशवानंद भारती' मामले में स्थापित किया गया था। इस प्रकार न्यायपालिका संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ कार्य करना चाहिए और एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह संतुलन लो.कतंत्र के स्वस्थ संचालन के लिए आवश्यक है। सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणियां न्यायपालिका की भूमिका और शक्तियों को चुनौती देने वाली हैं जो भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन और 'चेक्स एंड बैलेंस' की व्यवस्था पर ग़लत असर डालती हैं। यह सही है कि न्यायपालिका का कार्य केवल कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा करना है, न कि विधायिका की भूमिका का अतिक्रमण करना। पर मौजूदा विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह कोई अतिक्रमण नहीं किया है। किसी भी नए क़ानून की व्याख्या करना और उसकी संवैधानिक स्वीकारिता को परखना अदालत का दायित्व है, जो उसने वक्फ़ क़ानून के मामले में या पहले भी अनेक बार किया है। इसलिए निशिकांत दुबे के बयान ने एक संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया है।

# बूढ़ी स्किन को जवां बनाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मेथीदाना

हर भारतीय किचन में तमाम तरह के मसाले मिल जाते हैं। खाना बनाने के दौरान मेथीदाने का भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मेथीदाना का इस्तेमाल सिर्फ खाने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां आदि नजर आती हैं। ऐसे में आज मेथीदाने को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। दरअसल, मेथीदाना में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और स्किन टाइटनिंग गुण पाए जाते हैं। यह आपकी त्वचा को यूथफुल, स्मूथ और ब्राइटन बनाए रखने में मदद करता है। मेथीदाना के इस्तेमाल से झुर्रियों से लेकर फाइन लाइन्स तक को कम करने में सहायता मिलती है। मेथीदाना को आप स्किन केयर के तौर पर कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सामग्री...

एक कप पानी
मुट्ठी भर मेथीदाना

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में मुट्ठी भर मेथी के बीजों को करीब 10 मिनट तक उबालें।

फिर जब यह ठंडा हो जाए तो छान लें।

इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।

इसमें कॉटन पैड भिगोएं और हर रास इससे अपना चेहरा पोंछें।

### सामग्री...

मेथी पाउडर- 1 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### ऐसे करें उपयोग

इसके लिए मेथी पाउडर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।

अब रात में सोने से पहले स्किन को साथ करें और इसकी हल्की लेयर लगाएं।

रात भर इसको लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।

मेथीदाना और गुलाब जल से बनाएं फेस मिस्ट

बता दें कि यह फेस मिस्ट न सिर्फ स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखता है। बल्कि स्किन को टाइटन भी करता है।

# MANY EDUCATIONAL INSTITUTIONS OF NAINITAL IN THE TOP 10 SCHOOLS IN THE COUNTRY

## एकोर्न स्कूल बना नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।


Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26
The best school in the town with loving and caring atmosphere
Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com



MOHAN LAL SAH BAL VIDYA MANDIR
SR. SECONDARY SCHOOL (Affiliated to CBSE) Delhi
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities for Girls
Admission Open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards (Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
Peter's Field, Mallital, Nainital
Phone No. 05942-236189
STRIVE FOR EXCELLENCE
ADMISSION OPEN 2025-26
PRINCIPAL
MANAGER


## प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।


THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.

Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com


## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

# वैश्विक स्तर की शिक्षा दे रहा नैनीताल

समय के साथ शैक्षणिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों (स्कूलों) की बात की जाय तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखते हैं।

इसका उदाहरण आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त हो और विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में सामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है, देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हों। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से सम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन–सहन उच्च कोटि का है, जबकि शैक्षणिक वातावरण दुनिया के सीमित क्षेत्रों में अपनी जगह बनाता है। यही वजह है, दुनिया के अनेक देशों के विद्यार्थी स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। इस नगर से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में दौलत व शौहरत हासिल करने वाले सख्शियतों की लंबी फेहरिश्त है, जिनका जिक्र इस आलेख में संभव नही है। सिने जगत में विख्यात दर्जनों नामी अभिनेताओं ने नैनीताल से शिक्षा हासिल की है, जबकि सेना के तीनों अंगों में सेवा देने वाले अधिकारियों के दर्जनों विख्यात नाम हैं। आईएएस व पीसीएस अधिकारियों में अपना नाम सुमार करने वालों की बड़ी संख्या है।

राजनैतिक , सामाजिक व व्यापार समेत कई अन्य वर्गों में नाम कमाने वाले अनेकों व्यक्तित्व इसी नगर की देन हैं। यही वजह है कि इस नगर को गुरुकुल के नाम से जोड़ा जाता है।

### नगर व प्रमुख शिक्षण संस्थान

शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंटस कॉलेज, सेंट मेरी कॉलेज, सेंट जोजफ कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लौंगव्यु पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉन बास्को गर्ल्स व बॉयस पब्लिक स्कूल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, नैंसी कान्वेंट, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, पाइन क्रस्ट एलिमेंटरी स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, रामा मोंटेसरी, एकोर्न पब्लिक स्कूल, वसंत वैली पब्लिक स्कूल, मदर्स हार्ट, अमेरिकन किड्स, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चेतराम साह ठुलघरिया, राजकीय इंटर कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व एसडेल कॉलेज के नाम शामिल हैं।

**अफजल हुसैन फौजी**

## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।


BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207
Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.

Distinguished Knowledge Affiliates




ADMISSIONS OPEN FOR 11TH GRADE
Co-Ed and Senior Secondary school (Nursery to 12th)
Limited seats for Grade 11th in Science, Commerce and Humanities.
REGISTER NOW
Call Us 6397909778 / 9411110395
For more details, visit www.lpsnainital.edu.in


## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।



## शेरवुड कालेज की देश में अलग पहचान



शेरवुड कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नाम देश के नामचिन विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व रहने तथा अन्य समस्त सुविधायें विद्यालय में मौजूद है।

पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास रहेगा।


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12
Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।


SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co-Education School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
From 1 to 9 & 11 And KINDERGARTEN
Gaurav Sanwal
Managing Director
A. Emmanuel
Principal
Offered Streams For Class 11&12: • Science • Commerce
Contact Us: E-mail: sanwal_school@rediffmail.com, Ph.No.: 05942-235747 Mob.: 7579207575
Address: MALLITAL, NAINITAL-263001 UTTARAKHAND